मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 7 अंक 205
सोमवार, 10 फरवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना ने बंगाल के सिस्टम में सड़न को उजागर किया: धर्मेंद्र प्रधान

**कोलकाता, 09 फरवरी।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पश्चिम बंगाल की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या की घटना यह साबित करती है कि राज्य का सिस्टम पूरी तरह सड़ चुका है। प्रधान ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में गुंडों को नागरिक पुलिस जैसी सामाजिक पहलों में शामिल किया गया है। उन्होंने कोलकाता में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस तरह की घटना भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के लिए चिंता का विषय है।उन्होंने कहा, जो कुछ आर. जी. कर में हुआ, वह गंभीर चिंता का विषय है। समाज की सुरक्षा के लिए बनाए गए तंत्र में गुंडों की भर्ती इस बात का संकेत है कि यह व्यवस्था सड़ चुकी है। यह लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है।

प्रधान का इशारा कोलकाता पुलिस के सिविक वॉलंटियर संजय रॉय की ओर था। संजय राय को नौ अगस्त 2023 को प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या की घटना में दोषी ठहराया गया था। पीड़िता के परिवार और प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों का दावा है कि इस अपराध में अकेला संजय रॉय शामिल नहीं था। यह एक बड़ी साजिश थी जिसमें घटना की रात आसपास मौजूद कई अन्य




लोग भी शामिल थे।प्रधान ने कहा, हम चाहते हैं कि पीड़िता के परिवार को जल्द से जल्द न्याय मिले। उनकी बेटी देश की हर एक महिला का प्रतिनिधित्व करती है। हमें सीबीआई (केंद्रीय जांच ब्यूरो) पर भरोसा है और धैर्य रखना होगा। आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज की पीड़िता के रविवार को जन्मदिन के अवसर पर उनके माता-पिता और प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों ने न्याय की मांग को लेकर एक रैली निकालने की घोषणा की।जब प्रधान से प्रदर्शन कर रहे जूनियर चिकित्सकों पर राज्य सरकार द्वारा की जा रही अनुशासनात्मक कार्रवाई के विषय में पूछा गया तो उन्होंने कहा, न्याय के लिए किए जा रहे किसी भी आंदोलन को कमतर नहीं आंकना चाहिए। हाल ही में कोलकाता के न्यू टाउन इलाके में 14 साल की बच्ची के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या की घटना के विषय में प्रधान से पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यह सुनिश्चित करना चाहिए।

कि राज्य में किसी भी बेटी के साथ ऐसी घटनाएं न हों। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो बंगाल के लोग इसका विरोध करेंगे। मुझे उन पर पूरा भरोसा है।

## सोनभद्र में ट्रक से टकराई श्रद्धालुओं की कार, दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत

**सोनभद्र, 09 फरवरी।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के एक गांव में रविवार सुबह श्रद्धालुओं से भरी एक कार विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई, जिसके कारण दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गयी जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कालू सिंह ने बताया कि एक बोलेरो कार में सवार श्रद्धालु प्रयागराज में महाकुंभ से स्नान कर छत्तीसगढ़ के रायपुर लौट रहे थे।

श्रद्धालुओं की कार जब सोनभद्र के बभनी थाना क्षेत्र के दरनखाड़ गांव पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रेलर ट्रक से उसकी टक्कर हो गयी। एएसपी ने बताया कि इस दुर्घटना



में लक्ष्मी बाई (30) , अनिल प्रधान (37) ठाकुर राम यादव (58) और रुक्मिणी यादव (56) की मौत हो गई जबकि दिलीपा देवी, योगी लाल, सुलेन्द्री देवी एवं ढाई वर्षीय हर्षित गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को पहले बभनी सामुदायिक चिकित्सालय भेजा गया जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। एएसपी ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सतना में लोगों को महाकुंभ ले जा रहा मिनी ट्रक एसयूवी से टकराया, तीन लोगों की मौत

**सतना, 09 फरवरी।** मध्यप्रदेश के सतना जिले में रविवार को महाकुंभ के लिए लोगों को प्रयागराज ले जा रहे एक मिनी ट्रक और एसयूवी कार की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।



मझगवा थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे ने बताया कि जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर सतना-चित्रकूट राजकीय राजमार्ग पर रात करीब एक बजकर 30 मिनट पर यह दुर्घटना हुई। टक्कर के बाद ट्रक पलट गया था।

दुर्घटना के कारण सड़क पर यातायात अवरुद्ध हो गया, जिसे बाद में पुलिस ने खुलवाया। अधिकारी ने बताया कि पिकअप ट्रक (मिनी ट्रक) में सवार लोग मध्य प्रदेश के जबलपुर से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में शामिल होने जा रहे थे। उन्होंने बताया कि वहीं स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) में सवार लोग प्रयागराज से चित्रकूट होते हुए दमोह जा रहे थे। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान महेंद्र पटेल (52), मनीषा पटेल (31) और उनके बेटे जितेंद्र पटेल (11) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों वाहनों में सवार दस अन्य लोग घायल हो गए, जिनका जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

## महाकुंभ के दौरान उत्तर प्रदेश में वाहनों को टोल मुक्त किया जाना चाहिए : अखिलेश यादव

**लखनऊ, 09 फरवरी।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को महाकुंभ के दौरान जाम के संकट से उबरने और यात्रा बाधा दूर करने के लिए सरकार को राज्य में वाहनों को टोल मुक्त करने की सलाह दी। सपा प्रमुख ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा महाकुंभ के अवसर पर उत्तर प्रदेश में वाहनों को टोल मुक्त किया जाना चाहिए, इससे यात्रा में बाधा कम होगी और जाम का संकट भी। उन्होंने लिखा, जब फि ल्मों को मनोरंजन कर



मुक्त किया जा सकता है तो महाकुंभ के महापर्व पर गाड़ियों को कर मुक्त क्यों नहीं? महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण प्रयागराज की ओर जाने वाली सड़कों पर लंबा जाम लग रहा है।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में रविवार सुबह उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई जब सुरक्षाबलों का एक दल नक्सल विरोधी अभियान पर निकला था। पुलिस अधिकारी ने कहा, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अब भी रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

## साधु-संतों के जमघट से भगवामय हुई महादेव की नगरी काशी

- प्रयागराज महाकुंभ से आएं पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन
- साधु-संन्यासियों की शोभायात्रा पर बरसाएं गए पुष्प

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में भी महाकुंभ जैसा नजारा दिखने लगा है। महाकुंभ में स्नान के लिए श्रद्धालुओं का रेला थम नहीं रहा है। इसके चलते न सिर्फ शहर बल्कि रिंग रोड भी जाम की चपेट में है। प्रयागराज महाकुंभ से लौटे साधु-संतों के प्रवास के चलते पूरा शहर भगवामय हो चला है। जूना अखाड़ा के साधु विभिन्न मार्गों से होते हुए साधु-संन्यासी अपने मठों में पहुंचे। सड़कों पर उनके स्वागत के लिए पुष्प वर्षा की गई। हर तरफ हर हर महादेव की गूंज सुनाई दे रही है।

श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए भोर से देर रात तक कतार लगी रही। रविवार को भी पांच लाख से अधिक लोगों ने मंदिर में दर्शन पूजन किए। चौक से दशाश्वमेध घाट तक बैरिकेडिंग में श्रद्धालु दर्शन के लिए इंतजार करते रहे। गिरजाघर पर एक बार फिर डायर्वजन किया गया था, जिससे भीड़ को घाट की गलियों से होकर विश्वनाथ मंदिर भेजा गया। बता दें, महाकुंभ स्नान के बाद भक्तों का हूजूम काशी की ओर भारी संख्या में रूख कर रहा है। आलम ये है कि गोदौलिया चौराहे से लेकर घाट किनारे तक भारी भीड़ देखने को मिल रही है।



हर ओर आस्था का जमघट है और भक्त हर हर महादेव के जयकारे लगाते नजर आ रहे हैं। बताते चलें कि महाशिवरात्रि पर काशी भक्तों से वैसे ही गुलजार रहती है लेकिन इस बार मौका खास है। हर ओर लगी भीड़ ने काशी के व्यवसाय को बल दिया है लेकिन प्रशासनिक व्यवस्था को चैलेंज दे रही है।

उधर, अखाड़ों के नागा संन्यासी और संत काशी पहुंचने लगे हैं। पंचदशनाम अखाड़े के नागा साधुओं का काशी में आगमन हो गया है। कबीरचौरा अखाड़े में उनका भव्य स्वागत कर वैदिक विधि से पूजन अर्चन किया गया। उन्होंने अपने आराध्यदेव की पूजा की। अभी तक तीन अखाड़ों के 550 से अधिक नागा साधु काशी पहुंच चुके हैं। वे अखाड़ों और मठों के साथ दशाश्वमेध, शिवाला, हनुमानघाट, केदारघाट, चौकी घाट आदि घाटों को भी अपनी धूनी स्थली बनाए हुए हैं। नागा संन्यासी और संत महाकुंभ में तीन अमृत स्नान के बाद वे अपने अखाड़ों में लौटने लगे हैं। हर अखाड़ों के छोटे-छोटे जत्थे वहां से निकल रहे हैं।

शैव अखाड़ों के नागा संन्यासी काशी आते हैं। जबकि वैष्णव के अपने अखाड़ों में जाते हैं। हालांकि, इनके साधु-संत अपने माघी पूर्णिमा स्नान के बाद अपने अखाड़े जाएंगे। पंचदशनाम निरंजनी, अटल अखाड़े और महानिवार्णी अखाड़े के 550 से अधिक नागा साधु काशी आए हैं। शनिवार को भी सुबह आह्वान अखाड़े के 50 से अधिक नागा साधु काशी पहुंचे। अखाड़े के शंभू पंच के श्रीमहंत सभापति प्रयाग भारती ने बताया कि कबीरचौरा के औगढ़नाथ तकिया स्थित शंभू पंचदशनाम आह्वान अखाड़े में भोर में संगत पहुंची है। कुछ नागा साधु पांच फरवरी के बाद से ही आने लगे हैं। शनिवार को संगत के साथ लाव-लश्कर भी पहुंचा है। श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सैकड़ों साधु संत काशी पहुंचे और माता अन्नपूर्णा के मंदिर अनुष्ठान में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान संतों ने माता का दर्शन भी किया।

महाकुंभ की स्पेशल ट्रेन की चालक सीट पर यात्रियों का कब्जामहाकुंभ में प्रयागराज जाने वाले स्नानार्थियों की भीड़ कम होती नजर नहीं आ रही है। वाराणसी के कैंट स्टेशन की तस्वीर डराने वाली है। यहां ट्रेन में जगह नहीं मिली तो रेलयात्री इंजन की ओर चढ़ गए। क्या पुरूष क्या महिला हर कोई बस यहां कब्जा जमाते दिखा। आलम ये रहा कि चालक को जगह नहीं मिली बाद में आरपीएफ की मदद से इन्हें उतारकर ट्रेन रवाना करना पड़ा। मामला रात डेढ़ बजे का है और कैंट स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर ये पूरा वाक्या देखने को मिला।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने किया बाबा का दर्शन

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय रविवार को श्रीकाशी विश्वनाथ दरबार में दर्शन-पूजन किया। बाबा विश्वनाथ का विधिवत पूजन किया। उन्होंने मंदिर प्रशासन से काशी विश्वनाथ कॉरिडोर साथ काशी की दिव्यता भव्यता के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान काशी विश्वनाथ मंदिर और ज्ञानवापी मस्जिद में 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों और जवानों से मिलकर उनका कुशलक्षेम पूछा। उनकी कड़ी ड्यूटी की प्रशंसा की।

श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शनार्थियों की संख्या का विवरणः 03 फरवरी 2025: 5,84,224 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। 04 फरवरी 2025: 5,09,133 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। 05 फरवरी 2025: 4,89,223 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। 06 फरवरी 2025: 4,56,586 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। 07 फरवरी 2025: 4,94,854 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। 08 फरवरी 2025: 6,21,307 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।09 फरवरी 2025: (सायं 07:00 बजे तक) 4,39,690 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।









# धनाढ्यों के विदेश पलायन पर प्रदर्शन क्यों नहीं?


-ललित गर्ग

डॉनल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद सौ से अधिक अवैध भारतीयों के पहले बैच को अपराधियों की तरह अपमानजनक तरीके से भारत भेजा गया है। सितम्बर- 2024 तक सालभर में अवैध रूप से अमेरिका जाने की कोशिश में 90 हजार से अधिक लोग पकडे.गये थे। ये लोग अपनी जीवनभर की कमाई एवं पूंजी को दांव पर लगाकर अमेरिका जैसे देशों में जाने के वैध एवं अवैध तरीके अपनाते हैं, इनका इस तरह देश छोड़कर जाने का कारण समझ में आता है, लेकिन धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का बढ़ता सिलसिला समझ से परे हैं। ऐसे क्या कारण है कि लोगों को देश की बजाय विदेश की धरती रहने, जीने, व्यापार करने, शिक्षा एवं रोजगार के लिये अधिक सुविधाजनक लगती है, नये बनते भारत के लिये यह चिन्तन-मंथन का कारण बनना चाहिए। संसद परिसर में अमेरिका से लौटे अवैध भारतीयों के स्वदेश लौटने की विडम्बनापूर्ण एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों को लेकर व्यापक प्रदर्शन हुए, लेकिन क्या इन बुद्धिमान विपक्षी दलों के सांसदों को कभी धनाढ्यों के भारत छोड़कर जाने एवं इस तरह भारत का अपमान करने की स्थितियों पर भी प्रदर्शन नहीं करना चाहिए?

ह्यहेनले प्राइवेट वेल्थ माइग्रेशन रिपोर्टह्ल के अनुसार पिछले दो साल से ऐसे लोगों की संख्या औसतन 5,000 रही है। इन अमीरों को आप कभी शिकायत करते नहीं सुनेंगे। ये इतने स्मार्ट हैं कि बिना हौ-हल्ला किये विदेश में जाकर बस जाते हैं। तथ्य यह है कि इनके पास ह्यसरप्लसह्ल है, और ये भारत में निवेश करने की जगह विदेश का रुख कर रहे हैं। इनमें से कई इसलिए देश छोड़ रहे हैं क्योंकि विदेश में सुरक्षा है और गुमनाम रहने की सुविधा है। इनसे भी जो ज्यादा अमीर हैं, ऐसे करोड़पति, अरबपति और खासकर डॉलर अरबपति कमाई तो भारत में करते हैं और जीते अमेरिका जैसे देशों में है। ह्यफोर्ब्सह्ल के आंकड़ों के अनुसार ये केवल 200 हैं। करोड़पति अगर चुपचाप देश से जा रहे हैं, तो अरबपति विदेश की धरती से तेज आवाज में सरकार की तारीफ कर रहे हैं और इस तरह के मंत्रों का जाप कर रहे हैं कि ह्यहमारी अर्थव्यवस्था जल्द ही सबसे बड़ी तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रही हैह्ल, कि यह ह्यदुनिया में सबसे तेजी से वृद्धि दर्ज करा रही विशाल अर्थव्यवस्था हैह्ल। प्रश्न है कि इन समृद्ध लोगों का देश की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में क्या योगदान है? उनका भारत से पलायन क्यों हो रहा है? सरकार इन पर क्या कदम उठा रही है? विपक्षी दल क्यों मौन धारण किये हुए है?

क्या कारण है कि जन्मभूमि को जननी समझने वाला भारतवासी आज अपनी समृद्धि को भोगने या अपनी प्रतिभा का विदेश की चकाचौंध भरी धरती पर उपयोग करने, उन्हें लाभ पहुंचाने विदेश की ओर भागता है और वहां जाकर सम्पन्न एवं भोगवादी जीवन जीने लगता है? क्या कारण है कि शस्य श्यामला भारत भूमि पर अपनी समृद्धि से विकास के नये क्षितिज उद्घाटित करने या अपनी प्रतिभा से देश को लाभान्वित करने की बजाय विदेश की धरती को लाभ पहुंचाते हैं। बड़ा सवाल यह भी उठना स्वाभाविक है कि आखिर क्या कमी है हमारे यहां? यह बात सही है कि गांव से कस्बे, कस्बे से शहर और शहरों से महानगरों में जाकर बसने की मानवीय प्रवृत्ति होती है। इसे विकास से भी जोड़ा जा सकता है। लेकिन जब यह दौड़ बहुत ज्यादा होने लगे और लोग अपनी जड़ें ही छोड़ने को आकुल दिखें तो सोचना जरूरी हो जाता है। मुम्बई, दिल्ली, बेंगलूरु जैसे महानगर दुनिया के दूसरे महानगरों को टक्कर देने वाले हैं। फिर भी अगर ये भारतीय विदेशी महानगरों को ही चुन रहे हैं, तो तमाम पहलुओं पर विचार भी करना होगा। यह इसलिए भी जरूरी है कि यह दौड़ भारतीय महानगरों से विदेशी महानगरों की तरफ ही है। विदेश में बसने की यह दौड ऐसे समय देखने को मिल रही है जब देश में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं, जीवनशैली उन्नत एवं सुविधापूर्ण होती जा रही है, व्यापार एवं व्यवसाय की संभावनाओं को पंख लग रहे हैं। भारत दुनिया में साख एवं धाक जमा रहा है। दुनिया की नजरें भारत पर लगी है और यहां अनंत संभावनाओं को देखते हुए विदेशी भारत आ रहे हैं। फिर भारतीय विदेशों की ओर क्यों जा रहे हैं।

सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था की सुनहरी तस्वीर निर्मित करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, उनके अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी सरकार की नियोजित एवं दूरगामी सोच का ही परिणाम है रिजर्व बैंक के पास सोने के भंडार में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत में आर्थिक गतिविधियां नये शिखरों पर सवार है, क्योंकि भारत में डीमैट खाते 19 करोड़ के पार पहुंच चुके हैं। देश के कुल डीमैट खाते अब अन्य देशों की तुलना में नौवें स्थान पर हैं, जिसका मतलब है डीमैट खाते रूस, जापान, इथियोपिया, मैक्सिको जैसे देशों की आबादी से अधिक और बांग्लादेश की आबादी के करीब है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1,40,000 से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप और हर 20 दिन में एक यूनिकॉर्न उभरता है। यूनिकॉर्न उन स्टार्टअप को कहा जाता है, जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर हो जाता है।

इन उजले आंकड़ों में जहां मोदी के विजन ह्यहर हाथ को कामह्ल का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्ल का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर भारत ने अनेक क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। नयी आर्थिक उपलब्धियों एवं फिजाओं के बीच धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का सिलसिला चिन्ताजनक है। पलायनवादी सोच के कगार पर खड़े राष्ट्र को बचाने के लिए राजनीतिज्ञों एवं नीति नियामकों को अपनी संकीर्ण मनोवृत्ति को त्यागना होगा। तभी समृद्ध हो या प्रतिभाशाली व्यक्ति अपने ही देश में सुख, शांति, संतुलन एवं सह-जीवन का अनुभव कर सकेगा और पलायनवादी सोच से बाहर आ सकेगा। करोड़पतियों के देश छोड़कर जाने की 7500 की संख्या भले ही कुछ सुधरी है, लेकिन नये बनते, सशक्त होते एवं आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये यह चिन्तन का विषय होना ही चाहिए कि किस तरह भारत की समृद्धि एवं भारत की प्रतिभाएं भारत में ही रहे।

भारत के अति समृद्धशालियों की संख्या समूचे विश्व में सर्वाधिक है। भारत के दृष्टिकोण से इस तथ्य का विश्लेषण ज्यादा जरूरी हो जाता है। जानना यह भी जरूरी है कि बचपन से जवानी तक का एक-एक पल देश में गुजारने और यहीं अमीर बनने का सफर तय करने के बाद देश से मोह भंग होने के कारण आखिर क्या हो सकते हैं? उम्मीद यह की जाती है कि देश में रहकर समृद्धि हासिल करने वाले समय आने पर देश को लौटाएंगे भी। सवाल यही है कि देश को लौटाने और फायदा देने का वक्त आता है तब एकाएक विदेश में जाकर बसने की ललक कैसे और क्यों पैदा हो रही है? अपने देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने के समय इस तरह की पलायनवादी सोच का उभरना व्यक्तिगत स्वार्थ, सुविधा एवं संकीर्णता को दशार्ता है। दुनियाभर में धन और निवेश प्रवासन के रुझान को ट्रैक करने वाली कंपनी की सालाना रिपोर्ट में अति समृद्ध भारतीयों का अपना सब-कुछ समेट कर हमेशा के लिए भारत से जुदा हो जाने का अनुमान अनेक प्रश्न खड़े करता है, सरकार को इन प्रश्नों पर गौर करने की जरूरत है। प्रेषकः

# दिल्ली का 75 वर्ष का राजनीतिक इतिहास बहुत दिलचस्प है


अशोक भाटिया

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं और राजधानी को अपना अगला मुख्यमंत्री मिलने वाला है। इसी कड़ी में हम आपको दिल्ली के चुनावी इतिहास से जुड़ी कुछ रोचक जानकारियाँ दे रहे हैं, जो शायद आपकी नजरों से अब तक दूर रही हों। दिल्ली दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का दिल है। यहाँ के चुनाव देश के अन्य राज्यों से कई मायनों में अलग होते हैं। सत्ता की खींचतान और जनता की आवाज के बीच दिल्ली का चुनावी सफर हमेशा दिलचस्प रहा है। 1952 में पहली विधानसभा बनने से लेकर अब तक, दिल्ली की राजनीति में कई बड़े बदलाव हुए हैं। खासकर 1956 से 1993 तक, जब दिल्ली की विधानसभा भंग कर इसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। दिल्ली की राजनीति में कांग्रेस, भाजपा और आम आदमी पार्टी के बाद दोबारा भाजपा ने अपना वर्चस्व स्थापित किया है। आइए, जानते हैं दिल्ली के चुनावी इतिहास की झलक।

1950 में जब संविधान लागू हुआ तो दिल्ली को भाग ग के राज्य में केंद्र शासित प्रदेश के रूप में शामिल किया गया। जहां 48 सदस्यों वाले एक विधानसभा के गठन के लिए संसद में स्टेट एक्ट 1951 पास किया गया। इस एक्ट के तहत देश की संसद के साथ-साथ दिल्ली विधानसभा के लिए भी 1951-52 में 42 सीटों के लिए चुनाव हुए। कांग्रेस ने 39 सीटें हासिल की जबकि जनसंघ जो भाजपा की पूर्व पार्टी है को 5 सीटें मिली, 2 सीटें सोशलिस्ट पार्टी को मिली। 17 मार्च 1952 को कांग्रेस ने 34 साल के ब्रह्म प्रकाश को मुख्यमंत्री बनाया। लेकिन शुरूआत से ही दिल्ली के मुख्यमंत्री को ऑर्डर, जमीन और पुलिस पर कोई अधिकार नहीं दिया गया। दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री के समय से चीफ कमिश्नर और अब उपराज्यपाल से जो टकराव है वह आजतक चलता आ रहा है। कई तरह के राजनीतिक टकराव के बाद 12 फरवरी 1955 को ब्रह्म प्रकाश को इस्तीफा देना पड़ा। उनकी जगह पर दरियागंज से विधायक गुरुमुख निहाल सिंह उसी दिन मुख्यमंत्री बने। लेकिन वे भी अपना टर्म पूरा नहीं कर सके और 1 साल 263 दिनों के बाद 1 नवंबर को 1956 को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

मुख्यमंत्री और चीफ कमिश्नर के बीच टकराव के मद्देनजर फजल अली के नेतृत्व में राज्य पुनर्गठन आयोग बना जिसने राज्य सरकार की जगह स्थानीय प्रशासन का सुझाव दिया है। इस तरह 1 नवंबर 1956 को दिल्ली को भाग ग के तहत राज्य का दर्जा देने वाली संवैधानिक व्यवस्था को सीज कर दिया गया और दिल्ली में विधानसभा और मुख्यमंत्री के पद को समाप्त कर दिया गया। अब दिल्ली पूरी तरह से राष्ट्रपति के अधीन केंद्र शासित प्रदेश बन गई। जब दिल्ली की जनता में इस फैसले के खिलाफ रोष व्यक्त किया जाने लगा तो एक अन्य कमिटी के सुझाव पर दिल्ली म्युनिसपल कॉरपोरेशन एक्ट 1957 लागू किया गया जिसके तहत दिल्ली में नए सिरे से नगर निगम यानी एमसीडी की स्थापना की गई। हालांकि इससे जनता संतुष्ट नहीं हुई। जनता उसी समय से दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग करने लगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए सहकारिया प्रशासनिक सुधार आयोग के सुझाव पर 1966 में दिल्ली प्रशासनिक एक्ट 1966 लागू किया गया लेकिन इसमें दिल्ली विधान सभा की जगह लेफ्टिनेंट गवर्नर के अधीन एक मेट्रोपॉलिटन काउंसिल का गठन किया गया। इसके पास सिर्फ उपराज्यपाल को सुझाव देने का अधिकार था। उपराज्यपाल के माध्यम से दिल्ली पर तभी से सीधे केंद्र सरकार का कब्जा रहा है।

इस मेट्रोपॉलिटन काउंसिल में 56 सदस्य होते थे जबकि 5 राष्ट्रपति द्वारा सीधे मनोनीत होते थे। मेट्रोपॉलिटन काउंसिल के प्रमुख चीफ एग्जक्यूटिव काउंसिलर होते थे। 1966 से 1967 तक संसद की अनुमति से मीर मुश्ताक अहमद को इसका अंतरिम प्रमुख बनाया गया। 1967 में इसके लिए पहला चुनाव हुआ। इस चुनाव में 33 सीटें जनसंघ को मिली जिसके बाद प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा चीफ एग्जक्यूटिव काउंसिलर बने जबकि लाल कृष्ण आडवाणी काउंसिल के चेयरमैन बने। हालांकि 1972 में हुए मेट्रोपॉलिटन काउंसिल के चुनाव में कांग्रेस ने 44 सीटें जीती और राधा रमण को सीईसी बनाया गया। 1977 में जनता पार्टी ने 46 सीटें जीतकर केदार नाथ साहनी को सीईसी बनाया। 1983 में मेट्रोपॉलिटन के आखिरी चुनाव में कांग्रेस ने 34 सीटें जीती और जग प्रवेश चंद्र को सीईसी बनाया। 1990 तक वे ही इस पद पर रहे। संविधान के अनुच्छेद 239 एएए और 1991 कैपिटल टेरेटरी ऑफ दिल्ली एक्ट के तहत विधानसभा में 70 सीटों की व्यवस्था की गई और इसी आधार पर दिल्ली में 1993 में पहला चुनाव हुआ। इस चुनाव में भाजपा ने मदन लाल खुराना, ओपी कोहली और दिग्गज विजय कुमार मल्होत्रा को चुनाव जीताने की जिम्मेदारी दी। 1984 में सिख दंगों की छाया में कांग्रेस पहले से ही इस चुनाव में पिछड़ी हुई थी। भाजपा ने प्रचंड बहुमत हासिल कर 49 सीटों पर कब्जा किया। 2 दिसंबर 1993 को मदन लाल खुराना को नए विधानसभा के गठन के बाद पहली बार मुख्यमंत्री बनाया गया।

मदन लाल खुराना ने मुख्यमंत्री का पद तो हासिल कर लिया लेकिन पार्टी में कई अन्य दिग्गज भी इस पद के लिए अपनी आस लगाए बैठे थे। नतीजा आपसी खींचतान बढ़ गई। फिर 1995 में हवाला केस ने देश के कई दिग्गजों को संकट में डाल दिया जिसमें लाल कृष्ण आडवाणी समेत कई दिग्गज नेताओं के नाम थे। मदन लाल खुराना का भी इसमें नाम था। इस तरह मदन लाल खुराना को इस्तीफा देना पड़ा। 2 दिसंबर 1993 को साहिब सिंह वर्मा दिल्ली के मुख्यमंत्री बने पर साहिब सिंह वर्मा भी पार्टी को सही तरीके से साध नहीं सके। केंद्र में भाजपा सरकार रहते हुए भी दिल्ली की जनता का वे भरोसा नहीं जीत सके। आपसी खींचतान और ज्यादा बढ़ गई। चुनाव में संभावित हार को देखते हुए भाजपा ने चुनाव से कुछ दिन पहले तेज तर्रार नेता सुषमा स्वराज को 12 अक्टूबर 1998 को दिल्ली का पहला महिला मुख्यमंत्री बनाया। चुनाव में सुषमा ने अपना तेवर तो दिखाए लेकिन मंहगाई ने चुनाव में भाजपा को बूरी तरह से पछाड़ दिया। कांग्रेस ने शीला दीक्षित के नेतृत्व में चुनाव लड़ा और ऐसी नींव तैयार कर ली जो आगे 15 सालों तक कायम रहा।

1998 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में शीला दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस ने 52 सीटों पर कब्जा किया जबकि 1993 में 49 सीटें जीतने वाली भाजपा 15 सीटों पर सिमट गई। 3 दिसंबर 1998 को शीला दीक्षित दिल्ली की दूसरी मुख्यमंत्री बनीं और आगे 15 साल 25 दिनों तक 28 दिसंबर 2008 तक इस पद पर बनी रहीं। इस 15 सालों में दिल्ली में फ्लाई ओवरों का जाल बिछ गया। पहली बार मेट्रो आई। सड़कों की व्यवस्था सुधरी, दमघोंटू डीजल गाड़ी की जगह सीएनजी गाड़ियों को लाया गया। इन कामों का श्रेय आज भी शीला दीक्षित को जाता है। 2003 के चुनाव में कांग्रेस शीला दीक्षित को फिर एक बार आगे किया। उनके खिलाफ बुजुर्ग विजय कुमार मल्होत्रा को भाजपा ने उतारा जबकि पार्टी का एक धरा युवा अरुण जेटली या हर्षवर्धन को उतारने के पक्ष में थे। नतीजा कांग्रेस ने फिर बाजी मारी और 47 सीटों पर कब्जा किया जबकि भाजपा थोड़ा आगे बढ़कर 20 सीटें हासिल की। शीला दीक्षित दूसरी बार मुख्यमंत्री बनी। 2008 के चुनाव में भी शीला दीक्षित के नेतृत्व में ही कांग्रेस ने चुनाव लड़ा और 43 सीटें हासिल की जबकि भाजपा 23 सीटों पर सिमट गई। अब देश की राजनीति में आमूल चूल परिवर्तन आ चुकी थी। 2012 में अन्ना आंदोलन की कोख से एक नए राजनीतिक दल के उदय ने 2013 के चुनाव में शीली दीक्षित को बुरी तरह हरा दिया और 15 साल की सत्ता का अंत हो गया।

केंद्र में कांग्रेस सरकार की बुरी तरह की असफलताओं ने कई आंदोलनों को जन्म दिया जिसमें अन्ना हजारे के नेतृत्व में राजधानी में सबसे बड़े आंदोलन ने आम आदमी पार्टी को जन्म दिया। कांग्रेस के खिलाफ जबर्दस्त लहर के बीच अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने 2013 के दिल्ली चुनाव में 28 सीटें हासिल कीं। 32 सीटें हासिल कर भाजपा सबसे बड़ी पार्टी तो बनी लेकिन कांग्रेस की 8 सीटों की मदद से अरविंद केजरीवाल ने सरकार बना लिया। मगर 49 दिनों तक मुख्यमंत्री के पद पर रहने के बाद कांग्रेस पर कई आरोप लगाकर सरकार से इस्तीफा दे दिया। वे 14 फरवरी 2014 तक इस पद पर रहे। उन्होंने देश की राजनीति शुरू की। लेकिन इस समय तक देश में नरेंद्र मोदी ने अपने कद का विस्तार कर लिया था। मई 2014 में लोकसभा चुनाव हुए। अरविंद केजरीवाल की पार्टी ने भी इस चुनाव में किस्मत आजमाया। अरविंद केजरीवाल खुद नरेंद्र मोदी के खिलाफ वाराणसी से उतर गए। हालांकि उन्हें रत्ती भर भी सफलता नहीं मिली। 14 फरवरी 2014 से 13 फरवीर 2015 तक दिल्ली में विधानसभा भंग रही। 2015 में दिल्ली में चुनाव हुए तो केजरीवाल ने प्रचंड बहुमत हासिल किया। 70 सीटों में 67 सीटों पर कब्जा कर लिया। यह दिल्ली के इतिहास की सबसे बड़ी जीत थी। सिर्फ 3 सीटें ही भाजपा जीत सकी। कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला। बड़े सपने के साथ अरविंद केजरीवाल 14 फरवरी 2015 को दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने। 2020 के चुनाव में केजरीवाल दोबारा 62 सीटों पर कब्जा जमाया और 16 फरवरी 2020 को तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। अरविंद केजरीवाल 9 साल 218 दिनों तक लगातार दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। लेकिन शराब घोटालों से घिरी उनकी पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के जेल जाने से पार्टी की छवि बुरी तरह प्रभावित हुई। उनके सभी बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी अंततः जेल जाना पड़ा। 21 मार्च 2024 को उन्हें तिहाड़ जेल भेज दिया गया लेकिन उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया। 13 सितंबर 2014 को पांच महीने के बाद केजरीवाल बेल पर रिहा हुए और 21 सितंबर को उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद से दिल्ली में आतिशी मुख्यमंत्री का पद संभाल रही थी जिसे अब भाजपा ने एड़ी छोटी का जोर लगा कर झटक लिया हैं । झटका भी ऐसा कि अरविन्द केजरीवाल सहित आप के कई बड़े नेताओं को हार का मुंह देखना पड़ा।

# बिहार में भी गूंजेगा, मोदी की गारंटी व बटेंगे तो कटेंगे का नारा


-सुरेश गांधी

फिरहाल, महाराष्ट्र व हरियाणा के बाद भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी प्रचंड बहुमत से विजय का सिलसिला जारी रखा। दिल्ली की जीत इसलिए भी ऐतिहासिक है, क्योंकि 27 साल से सत्ता का सूखा खत्म करने में पार्टी न सिर्फ सफल रही,, बल्कि आप के कई महारथियों धूल चटा दी है. आप के मुखिया अरविन्द केजरीवाल के हर नहले पर पीएम के नेतृत्व में भाजपा ने दहला चलने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। मसलन, केजरीवाल ने कहा, हम हारे तो मुफ्त बिजली पानी बंद हो जायेगा, तो भाजपा बोली- सभी फ्री योजनाएं चलती रहेगी। केजरीवाल ने कहा, महिलाओं को 2100 देंगे, तो भाजपा ने कहा हम 2500 देंगे। मतलब साफ है भाजपा ने जनता के मन से यह डर हटा दिया कि उसके सत्ता में आने से सब्सिडी वाली योजनाएं बंद होंगी, बल्कि यह भी संदेश दिया ि कवह कुछ और भी बढ़-चढ़कर देंगी, साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर करेगी। दिल्ली के अंदर और बाहर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट भाजपा ने खूब गिनाएं। दुसरी ओर 10 साल की एंटी इनकंबेंसी से जूझ रही आप के पास पुराने वादों के अलावा कुछ नया नहीं था। चूकि महिलाओं को पैसे सहित कुछ वादे पिछले चुनाव के अधुरे थे, तो इस बार फार्म भराने के बावजूद जनता ने एतबार नहीं किया। हाल यह रहा कि अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज, अवध ओझा सहित कद्दावर नेता हार गए. जबकि भाजपा की जीत में एम फैक्टर- महिला, मध्यम वर्ग और मोदी गारंटी व योगी का कटेंगे तो बटेंगे का नारा अहम रोल रहा। हालांकि कालकाजी सीट पर लगातार पिछड़ने के बाद भी आतिशी चुनाव जीत गई. परिणाम यह है कि भाजपा 48 सीटों के सासथ दिल्ली में बहुमत की सरकार बनायेंगी, जबकि आप 22 सीटों पर ही सिमट गयी।

मतलब साफ है दिल्ली में प्रचंड जीत का श्रेय सिर्फ और सिर्फ मोदी की गारंटी, योगी की बटेंगे तो कटेंगे, के नारे को जाता है। और सबे बड़ी वजह केजरीवाल का दिल्लीवासियों की उपेक्षा रही। या यूं कहे दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार रहते लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ा तो वो दिल्ली की टूटी-फूटी सड़कें और गलियां है। दिल्ली की सड़कों यानी मुहल्ले की गलियां गैस और पानी की पाइप लाइन बिछाने से खोद दी गईं और उन्हें फिर सही नहीं किया गया। बारिश के दिनों में लोगों को इन टूटी गलियों से निकलना मुश्किल हो जाता था। इसके साथ ही दिल्ली की सड़कों और नुक्कड़ों में कूढ़ों का ढेर भी जमा रहता है। नगर निगम की गाड़ियां हर रोज घरों से कूड़ा नहीं लेती थी। इस कारण दिल्ली की घरेलू महिलाएं केजरीवाल से खासा नाराज दिख रहीं थी। आम आदमी पार्टी की सरकार में लोग सप्लाई वाले पानी की खराब व्यवस्था से भी नाराज दिखे। घरों में समय पर सप्लाई वाला पानी नहीं आता था। टाइम बेटाइम पानी आता भी था तो वह पीने और कपड़े धोने के लायक भी नहीं होता था। दिल्ली सरकार के सप्लाई वाले पानी से घरेलू औरतें काफी नाराज थीं। गर्मी के दिनों में पानी के टैंकर के लिए मारामारी रहती थी। लोग घंटों टैंकर के इंतजार में खड़े रहते थे। आम आदमी पार्टी की हार का प्रमुख कारण पानी की समस्या भी रही है। राजधानी दिल्ली में पॉल्यूशन की समस्या सर्दियों शुरू होते ही बढ़ जाती है। इस समस्या से आम आदमी से लेकर खास आदमी तक खासा परेशान होता है। केजरीवाल सरकार की तरफ से दिल्ली के पॉल्यूशन के लिए कुछ खास इंतजाम नहीं किए गए। केजरीवाल सरकार ने इस समस्या के लिए हमेशा केंद्र को जिम्मेदार ठहरा और अपनी जवाबदेही से हमेशा बचते रहे।

दिल्ली सरकार में मुख्यमंत्री रहते अरविंद केजरीवाल किसी भी सरकारी काम के पूरा न होने पर सीधे तौर पर उप राज्यपाल को दोषी ठहराते थे। इसके लिए वह उप राज्यपाल को पत्र लिखकर आरोप-प्रत्यारोप का खेल खेलते थे। अरविंद केजरीवाल की हर किसी मुद्दे पर उपराज्यपाल से तू तू मैं मैं होती थी। उप राज्यपाल के साथ ही अरविंद केजरीवाल पीएम मोदी की भी जमकर आलोचना करते थे। पीएम मोदी और केंद्र सरकार के कामों को अरविंद केजरीवाल ने कभी नहीं सराहा। दिल्ली में केजरीवाल के हार का ये भी बड़ा कारण बना है। तो दूसरी तरफ दिल्ली चुनाव में बिहार समेत पूर्वांचल के वोटरों का दम दिखा. बिहार के रहने वाले कई उम्मीदवारों ने भी जीत दर्ज की है. दिल्ली की कुल 70 सीटों में 20 से अधिक सीटों पर बिहार समेत पूर्वांचल के वोटरों का दबदबा रहा है. जिसके कारण करीब दो दर्जन सीटों पर पूर्वांचल के वोटरों ने अपनी ताकत दिखाकर चुनाव में जीत-हार तय किया.चुनाव दिल्ली का हो रहा था लेकिन केंद्र बिंदु बिहार समेत पूर्वांचल बना हुआ था. वजह साफ थी कि सत्ता की कमान किसके हाथों में होगी, यह तय करने में पूर्वांचल निवासी दिल्ली के वोटरों की बड़ी भूमिका होगी. लगभग दो दर्जन सीटों पर जीत-हार तय करने में इन वोटरों की भूमिका रही. बता दें कि कई सीटों पर अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी जबकि कई सीटों पर भाजपा को इन वोटरों ने साथ दिया. बीजेपी के साथ ये वोटर अधिक दिखे, जिसका असर चुनाव परिणाम में साफ दिखा है.

हार की समीक्षा, फिर नई ताकत के साथ चुनाव में जुट जाना, ये बीजेपी की कामयाबी का मंत्र है. अब तो दिल्ली भी जीत ली, वो दिल्ली जो बीजेपी को पिछले करीब ढ़ाई दशक से चिढ़ा रही थी. साल 2014 में नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बीजेपी की लहर उठी, राज्य-दर-राज्य कमल खिलता गया. इस बीच 2015 में दिल्ली का विधानसभा चुनाव हुआ और अरविंद केजरीवाल की आंधी के आगे भाजपा कहीं टिक नहीं पाई. 70 में से 67 सीटों पर झाड़ू चल गई, बीजेपी के लिए ये बड़ी हार थी. क्योंकि ठीक एक साल पहले यानी 2015 में पार्टी को इसी दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर जीत मिली थी. 2015 में आप को दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत मिली थी. इस जीत से केजरीवाल का कद इतना बढ़ गया था कि वो राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी का विस्तार करने लगे. वहीं, केजरीवाल की ये कामयाबी सीधे-सीधे पीएम मोदी के लिए एक चुनौती थी, क्योंकि बीजेपी का विजय रथ दिल्ली में आकर थम गया था. साल 2015 में देश के कई राज्यों में चुनाव हुए और बीजेपी को शानदार जीत मिली. दिल्ली चुनाव में अरविंद केजरीवाल की रेवड़ी संस्कृति बनाम भाजपा के बुनियादी विकास मॉडल की टक्कर देखने को मिली. जहां आप लगातार मुफ्त सुविधाओं की घोषणाएं करती रही, वहीं भाजपा ने सड़कों और पानी की समस्याओं को प्रमुख मुद्दा बनाया. बुराड़ी से संगम विहार और पटपड़गंज से उत्तम नगर तक टूटी सड़कों और अधूरी मरम्मत को लेकर भाजपा ने लगातार हमले किए. आरोप लगे कि जल बोर्ड ने कई जगह सड़कें तोड़ दीं, लेकिन उनकी मरम्मत नहीं हुई, जिससे जनता को परेशानी हुई. खुद केजरीवाल ने भी सड़कों की बदहाली को स्वीकार किया था. इसके अलावा, पानी की किल्लत और टैंकर माफिया की समस्या ने जनता को झकझोर दिया. गर्मियों में पानी की कमी एक बड़ी चिंता बनी रही, जिससे ।।च की मुफ्त योजनाओं पर भी सवाल उठे. भाजपा ने जहां फ्री स्कीम जारी रखने का वादा किया, वहीं सड़कों और पानी की समस्या के समाधान का भरोसा भी दिलाया. माना जा रहा है कि दिल्ली की जनता ने इन्हीं मुद्दों पर भाजपा को मौका देने का फैसला किया.

दिल्ली चुनाव में आप की हार कोई एक दिन में नहीं हुई, बल्कि इसके पीछे कई कारण हैं. स्वास्थ्य सेवाओं में गिरावट, शराब नीति पर विवाद, मुख्यमंत्री आवास का खर्च, मुस्लिम वोट बैंक की सेंध और जल संकट जैसे मुद्दों ने केजरीवाल सरकार की लोकप्रियता को कम कर दिया. जनता ने बदलाव का फैसला किया, और इसका सीधा असर चुनावी नतीजों में दिखा. वहीं भाजपा इस जीत से पूरी तरह बम-बम है. साल 2018 में बीजेपी की देश के 15 राज्यों में पूर्ण बहुमत वाली सरकार थी. लेकिन दिल्ली में बीजेपी जमीन पर पकड़ नहीं बना सकी थी. पीएम मोदी की अगुवाई में 2019 के लोकसभा चुनाव में फिर बीजेपी को बंपर जीत मिली, 303 सीटों पर कमल खिला. पीएम मोदी की लोकप्रियता चरम पर थी. क्योंकि 2014 के मुकाबले 2019 में बीजेपी को ज्यादा सीटों पर जीत मिली. इस चुनाव में भी दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर बीजेपी की जीत हुई. लगा कि अब बीजेपी के लिए दिल्ली की राह थोड़ी आसान होगी, क्योंकि पीएम मोदी बंपर जीत के साथ दूसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन चुके थे, लेकिन एक कसक थी कि दिल्ली में आखिर जिस बीजेपी को लोकसभा चुनाव में 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिलते हैं, वो विधानसभा चुनाव में कोई करिश्मा क्यों नहीं कर पाती है. मजबूत रणनीति के साथ 2020 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी उतरी, सामने फिर अरविंद केजरीवाल थे. बीजेपी ने कोई बडा चेहरा नहीं दिया, क्योंकि पीएम मोदी के चेहरे पर राज्य-दर-राज्य कमल खिल रहा था. लेकिन 2020 के विधानसभा चुनाव में भी कुछ नहीं बदला, पीएम मोदी का विजय रथ एक बार फिर दिल्ली में रुक गया. अरविंद के आगे बीजेपी की रणनीति पूरी तरह से फेल हो गई. एक मोर्चे पर केजरीवाल थे, तो दूसरा मोर्चा खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संभाले हुए थे. इस चुनाव में बीजेपी बुरी तरह से हारी. आप को 70 में से 62 सीटों पर बंपर जीत मिली. केजरीवाल के लिए ये जितनी बड़ी जीत थी, बीजेपी के लिए उतनी बड़ी हार. खुद पीएम मोदी के लिए एक झटका था कि आखिर कब जाकर दिल्ली में बीजेपी का सूखा खत्म होगा. क्योंकि आखिरी बार दिल्ली में साल 1993-1998 में बीजेपी की सरकार थी. 2020 में प्रचंड जीत के साथ केजरीवाल पीएम मोदी को सीधी चुनौती देने तैयारी में जुटे. गुजरात, गोवा, हिमाचल, उत्तराखंड और पंजाब में अरविंद केजरीवाल चुनावी ताल ठोकने लगे, सामने फिर बीजेपी थी.

इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी पंजाब में सरकार बनाने में कामयाब रही. केजरीवाल का कद लगातार बढ़ता जा रहा था, राष्ट्रीय स्तर पर पीएम मोदी और अरविंद केजरीवाल आमने-सामने नजर आने लगे. क्योंकि लगातार तीसरी बाद दिल्ली की कुर्सी पर केजरीवाल काबिज हो चुके थे. साल 2015 और 2020 में दिल्ली में आप की जीत ने बीजेपी को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था कि आखिर पीएम मोदी की अगुवाई में बीजेपी दिल्ली फतह क्यों नहीं कर पा रही है? ओडिशा में इसी तरह से बीजेपी को जीत मिली. पश्चिम बंगाल में भी लगातार बढ़ता जनाधार एक उदाहरण है, इसके अलावा दक्षिण भारत के कई राज्यों में भी बीजेपी अपनी मौजूदगी चुनाव-दर-चुनाव बढ़ा रही है. हालांकि, दक्षिण भारत के कई राज्यों में बीजेपी ने शून्य से सफर की शुरूआत की है, और धीरे-धीरे कामयाबी की सीढ़ी चढ़ रही है. इस कामयाबी का सबसे बड़ा श्रेय पीएम मोदी को जाता है, क्योंकि वो देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और बीजेपी का सबसे बड़ा चेहरा हैं. लेकिन कहा जाता था, कि जिस पीएम मोदी ने पूरे देश में भगवा लहरा दिया. वो दिल्ली में केजरीवाल की तोड़ क्यों नहीं निकाल पाते. खुद पीएम मोदी को भी ये अहसास होता होगा कि आखिर कहां कसर रह जाती है. क्योंकि विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता केजरीवाल को गले लगा लेती थी और बीजेपी का ठुकरा देती. लेकिन उदाहरण ये भी दिया जाता है कि दिलवालों की दिल्ली है, और जब दिल्लीवाले जिसे जिताते हैं तो दिल खोलकर जिताते हैं. साल 2015 और 2020 में दिल खोलकर झाडू का साथ दिया, और अब दिल खोलकर बीजेपी की झोली भर दी है. करीब 27 साल के बाद दिल्ली की सत्ता पर बीजेपी की वापसी हुई है।

मतलब साफ है इस जीत का सेहरा पीएम मोदी के ही सिर सजा है। इधर, उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर उपचुनाव में बीजेपी ने बड़ी जीत हासिल की है. बीजेपी प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान 60 हजार से अधिक वोटों से विजयी हुए हैं. भला क्यों नहीं, ये सीट सीएम योगी की प्रतिष्ठा से जुड़ा था। जीत के बाद योगी ने कहा कि ये नतीजे झूठ और लूट की राजनीति पर जनता का स्पष्ट संकेत हैं. योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों से चल रहे सेवा, सुरक्षा, सुशासन और लोक कल्याणकारी कार्यों की सराहना करते हुए कहा, बिहार भी जीतेंगे। केजरीवाल और अखिलेश ने जो गंदी राजनीति शुरू की थी, उसका अंत हो गया है। केजरीवाल सभी मॉडलों में धराशायी हो गए हैं. अब यह तय है कि केजरीवाल तिहाड़ जाएंगे। वह सीएम बनना चाहते थे, लेकिन अब वह विधायक भी नहीं रहेंगे. हाल यह था कि केजरीवाल के अनर्गल आरोप और झूठ से उनके समर्थक भी नाराज हो गए थे। कई बार इसके चलते ही उन्हें माफी भी मांगनी पड़ी है. उनकी छवि एक ऐसे नेता की बनती चली गई जिसकी बात पर कोई भरोसा नहीं होता. हद तो तब हो गई जब उन्होंने हरियाणा सरकार पर जानबूझकर जहरीला पानी भेजने का आरोप लगाते हुए कहा कि हरियाणा सरकार दिल्ली में नरसंहार करना चाहती है. जिससे दिल्ली में अफरातफरी मच जाए. गनीमत रही कि दिल्ली जल बोर्ड के इंजीनियरों ने हरियाणा का पानी बॉर्डर पर ही रोक लिया इसके कारण हजारों की जान बच गई. शीशमहल से भी उनकी छवि को बहुत धक्का लगा। क्योंकि अरविंद केजरीवाल राजनीति में आने से पहले कहा था कि वो वीवीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे. गाड़ी, बंगला और सुरक्षा लेने की बात से भी उन्होंने इनकार किया था. पर सत्ता मिलने के बाद उन्होंने न केवल लग्जरी गाड़ियां लीं बल्कि केंद्र से जेड प्लस सुरक्षा मिलने के बावजूद पंजाब सरकार की टॉप सिक्युरिटी भी उन्होंने ली. पर मुख्यमंत्री होने के नाते उन्होंने जो अपने लिए उन्होंने जो एक्स्ट्रा लग्जुरियस आवास बनावाया उससे उनकी छवि काफी डेंट हुई. सीएजी रिपोर्ट में भी सीएम आवास पर हुए खर्च पर सवाल उठाया गया. दिल्ली सरकार पर सीएजी की कई रिपोर्ट को विधानसभा में न रखने का आरोप लगाया. हाईकोर्ट ने भी दिल्ली सरकार की इसके लिए निंदा की. खास यह रहा कि योगी के नारे से उन्होंने सीख नहीं ली, कांग्रेस और आप बंटें इसलिए कटे। बता दें, मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र चुनावों के दौरान बंटे तो कटे का नारा दिया था. हालांकि उनका नारा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचार के संदर्भ में भारत के हिंदुओं को एक बने रहने के लिए था. पर इससे सीख लेकर बहुत से दूसरे लोग भी एक हो गए. पर दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एक साथ नहीं हो सके. जबकि दोनों ही पार्टियों ने अलग लड़ने का नतीजा हरियाणा विधानसभा चुनावों में दिख चुका था. हरियाणा में कांग्रेस बहुत कम मार्जिन से सरकार बनाने से चूक गई. इसके बावजूद दिल्ली में आप और कांग्रेस ने बंटेंगे तो कटेंगे नारे से सीख नहीं लिया. इसके अलावा महिलाओं के 2100 रुपये देने की शुरूआत भी केजरीवाल नहीं कर पाएं. देखा जाएं झारखंड में सीएम हेमंत सोरेन और दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के लिए विधानसभा चुनावों में एक जैसे मुद्दे थे. पर अरविंद केजरीवाल दिल्ली में अपनी पार्टी को जीत नहीं दिला सके. झारखंड में झामुमो की जीत का कारण महिलाओं को हर महीने वाली एक निश्चित रकम मिलने वाली योजना को माना गया. दिल्ली में भी अरविंद केजरीवाल पिछले एक साल से इस योजना को लागू करना चाहते थे पर कर नहीं सके. आम लोगों में यह संदेश गया कि जब अरविंद केजरीवाल इस बार नहीं कर सके तो अगली बार सीएम बनने के बाद कैसे कर लेंगे. दिल्ली सरकार ने महिला को हर महीने निश्चित आर्थिक मदद वाली योजना को एक महीने पहले भी लागू कर दिया होता तो शायद ये हाल नहीं हुआ होता. इसके अलावा दिल्ली में फ्री बिजली की शुरूआत करके ही अरविंद केजरीवाल ने लगातार जीत पर जीत दर्ज किया. पर मूलभूत सुविधाओं के अभाव के चलते जनता त्रस्त हो गई थी. सबसे बड़ा मुद्दा था साफ पीने की पानी की सप्लाई का. गरमियों में लोग पानी के लिए त्राहि त्राहि कर रहे थे. सरकार के ऊपर टैंकर माफिया हावी था. दिल्ली सरकार ने टैंकर माफिया के सामने इस तरह घुटने टेक दिए थे. अरविंद केजरीवाल ने 24 घंटे साफ पानी सप्लाई का वादा किया था. पर यहां तो गंदा पानी भी कुछ घंटे नहीं मिल रहा था. इसके साथ ही पूरी दिल्ली में सफाई व्यवस्था कोलेप्स हो चुकी थी. चूंकि एमसीडी पर भी आम आदमी पार्टी का ही राज है, इसलिए पार्टी के पास कोई बहाना नहीं बचता था. इस तरह धीरे-धीरे लोगों का आम आदम.पार्टी पर से भरोसा उठ गया.

कोर्ट के जिन आदेशों के चलते अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया था वो अभी भी उनके साथ थे. पार्टी ने आतिशी को खड़ाऊ सीएम बना दिया. जनता यह बात भली भांति समझ रही थी कि पार्टी जीत भी जाती है तो अरविंद केजरीवाल सीएम नहीं बन सकेंगे. और अगर सीएम बन भी गए तो कुछ काम नहीं कर पाएंगे. दिल्ली की समस्याएं जस की तस ही रह जाएंगी. अगर आम आदमी पार्टी ने अरविंद केजरीवाल की जगह किसी दूसरे को सीएम कैंडिडेट बनाया होता तो हो सकता था कि तस्वीर कुछ और होती. बता दें कि बीजेपी पिछले 27 सालों से दिल्ली की सत्ता से बाहर है. अंतिम बार बीजेपी की मुख्यमंत्री सुषमा स्वराज रही थी. वह केवल 52 दिन हीं गद्दी पर रहीं थीं. जहां तक इस प्रचंड जीत के बाद नए सीएम का सवाल है तो बिहार चुनाव को देखते हुए भाजपा मनोज तिवारी को सीएम बना सकती है. तिवारी को पूर्वांचल का बड़ा चेहरा बताया जाता है. वह दिल्ली प्रदेश की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं. दो बार से सांसद भी हैं. पूर्वांचल वोट को बंटने से बचाने में इनकी खास भूमिका रही है. इसके अलावा दिल्ली के रोहिणी विधानसभा से बीजेपी प्रत्याशी और विधायक विजेंदर गुप्ता एक बार फिर से इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं. विजेंदर गुप्ता की गिनती दिल्ली में धाकड़ नेता के रूप में होती है. आम आदमी पार्टी के खिलाफ लगातार विपक्ष की भूमिका उन्होंने बखूबी निभाई है. गुप्ता की पकड़ पार्टी के कैडर और संगठन में भी मजबूत बताई जाती है. बीजेपी उन पर भी विश्वास कर सकती है. दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने इस चुनाव में काफी मेहनत की. उनका नाम भी दिल्ली बीजेपी के बड़े नामों में शामिल है. इस जीत में भी उनका योगदान अहम माना जा रहा है। ऐसे में अगर पार्टी उनको भी सीएम का चेहरा बना सकती है. नई दिल्ली से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ रहे प्रवेश वर्मा लगातार आगे चल रहे हैं। अगर वे चुनाव जीत जाते हैं तो बीजेपी उनके नाम पर भी विचार कर सकती है। प्रवेश वर्मा के पिता साहिब सिंह वर्मा भी दिल्ली के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। प्रवेश वर्मा दिल्ली से सांसद भी रह चुके हैं। दुष्यंत कुमार गौतम को बीजेपी मुख्यमंत्री बना सकती है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि वह दलित समाज से आते हैं और पार्टी के पुराने कार्यकर्ता हैं। बीजेपी आलाकमान भी उन पर भरोसा करता है। वह बीजेपी के नेशनल जरनल सेक्रेटरी भी हैं। दुष्यंत आम तौर शांत स्वभाव के माने जाते हैं। दुष्यंत कुमार गौतम को मुख्यमंत्री बनाकर बीजेपी दलित समाज को बड़ा संदेश दे सकती है।

## श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** सेंचुरी मिल कामगार वसाहत हरिहर संत सेवा मंडल के तत्वाधान वर्ली मुंबई में विगत कई वर्षों की भाँति इस वर्ष भी संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का सुंदर आयोजन महामंडलेश्वर स्वामी श्री श्री १००८ विनय स्वारूपानंद सरस्वती जी की अध्यक्षता में ६ फरवरी अपरान्ह ३ बजे सायं ७ बजे तक किया गया है। आज चौथे दिन प्रयागराज से आए वैष्णवाचार्य स्वामी अप्रमेय प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने बताया कि मनुष्य को अपने जीवन में कर्तव्य का ही पालन करना चाहिए अधिकार को पकड़ने की चेष्टा नहीं करनी चाहिए। भरत जी ने अपने कर्तव्य का पालन किया जिसका परिणाम हुआ अंत में भगवान श्री राम अयोध्या लौटे और सबको आनंद की प्राप्ति हुई चारों ओर मंगल हुआ और इसी के विपरीत दुर्योधन ने बार-बार अधिकार जमाने का प्रयत्न किया जिसका परिणाम यह हुआ की महाभारत का भयानक युद्ध हुआ समस्त कौरवों का विनाश हो गया इस कथा से हमें यह शिक्षा मिलती है कि हमें कभी भी जबरदस्ती अधिकार लेना नहीं चाहिए सदैव अपने कर्तव्यों का ही पालन करना चाहिए यदि हम कर्तव्य का पालन करेंगे तो अधिकार स्वयमेव ही प्राप्त हो जाएगा । आज श्री कृष्ण जन्मोत्सव की सुंदर झाँकी भी प्रस्तुत की गयी। उपस्थित भक्त वत्सल महिलाओं द्वारा जन्मोत्सव पर सुंदर सोहर भी प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर हरिहर संत सेवा मंडल के अध्यक्ष रजनीकांत दीक्षित, कानू मालुसरे ,सुरेश राणे ,दीपक राणे ,पंडित करुणा शंकर मिश्रा,समस्त पदाधिकारी गण व बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे ।

## महिला मोर्चा द्वारा हल्दी कुम-कुम का आयोजन



**वसई रोड(उत्तरशक्ति)।** भारतीय जनता पार्टी वसई रोड साईं नगर में महिला मोर्चा द्वारा हल्दी कुम-कुम का आयोजन वसई विधानसभा चुनाव अध्यक्ष एड साधना धूरी और उद्योगपति भाजपा वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर धुरी के सहयोग से वार्ड अध्यक्ष और जिला सचिव मनोज शर्मा, लालजी कनौजिया, कल्पेश चौहान, बबीता शर्मा, नेप्रिया प्रेमलवर, कंचन सोनी, प्रेरणा सोनी ने किया। जिसमें वसई मंडल से 450 महिला ने हिस्सा लिया और एक दूसरे को तिलक करके आशीर्वाद दिया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा सचिव अपर्णा पाटिल, मंडल अध्यक्ष महेश सरवनकर, एस सी मोर्चा अध्यक्ष अर्जुन इंगोले, युवा मोर्चा अध्यक्ष कल्पेश पाण्डे, उद्योगपति चंद्रशेखर धूरी, बाला सावंत सर चिटनिस, पत्रकार नरेंद्र सोनी, आयुषी बगड़िया, निकिता बगड़िया, जिला अध्यक्ष अल्प संख्यक फरजान बनू और अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे सभी महिला को आयोजक तरफसे गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

## 2 करोड़ 42 लाख रुपए कीमत के मेफेड्रोन नामक ड्रग के साथ ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिले के बोईसर पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत बोईसर शहर के काटकर पाड़ा में स्थित कलर सिटी से 2 करोड़ 42 लाख 7 हजार 2 सौ 2 रुपए कीमत के मेफेड्रोन नामक ड्रग के साथ एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार करने में स्थानिक अपराध शाखा पालघर व बोईसर पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानिक अपराध शाखा पालघर व बोईसर पुलिस को मिली गुप्त जानकारी आधार पर एसीबी व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई छापेमारी में पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत काटकर पाड़ा स्थित कलर सिटी के बिल्डिंग नंबर 17 फ्लैट नं 103 से ड्रग तस्कर को 2 करोड़ 42 लाख 7 हजार 2 सौ 2 रुपए कीमत के मेफेड्रोन नामक ड्रग के साथ गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ड्रग तस्कर केमिस्ट्री विषय से स्नाकोत्तर किया हुआ है। ड्रग तस्कर ने अपनी पढ़ाई का फायदा उठाकर मेफेड्रोन नामक नशीले पदार्थ का निर्माण करने लगा। पुलिस के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ड्रग तस्कर का नाम अमान नईम मुराद (29वर्ष) निवासी वसई, हकीम मोहल्ला, तहसील वसई जिला पालघर तथा मूल निवासी मनोर बाणेघर, मनोर, जिला पालघर बताया गया है। एसीबी व बोईसर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करने के पश्चात उसके विरुद्ध बोईसर पुलिस थाना में अपराध संख्या 47/2025 गुंगीकारक औषधि द्रव व मनोव्यापारावर परिणाम करणारे पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा 21,22,8(क) के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया और उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां न्यायालय ने आरोपी को 11 फरवरी तक के लिए पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। इस मामले की और अधिक जांच स्थानिक अपराध अन्वेषण शाखा के सहायक पुलिस निरीक्षक व्हटकर द्वारा की जा रही है।

## पुष्पम ने मैनहट्टन शैली की 21 एन्क्लेव विला परियोजना शुरू की

**मुंबई।** पुष्पम इन्फ्रा ने अपनी 'पुष्पम संस्कृति' परियोजना का आखरी फेज '21 एन्क्लेव' विला परियोजना का शुभारंभ किया है। इस परियोजना को कर्जत जैसे स्थान पर आरामदायक मैनहट्टन शैली की जीवनशैली के साथ एक रणनीतिक निवेश के रूप में देखा जा सकता है। 'कमानेवाला घर' (अर्थात खरीदें, आनंद लें और कमाएं) की अवधारणा पर आधारित, यह एन्क्लेव 22 एकड़ के परिदृश्य में भव्य विला, रिसॉर्ट जैसी सुविधाओं और अच्छे रिटर्न का मिश्रण प्रदान करता है। यह 'पुष्पम संस्कृति' का अंतिम चरण है, जिसकी अनुमानित आय 40 करोड़ रुपये है, जिससे 200 से अधिक ग्राहक खुश और संतुष्ट हैं।

# राष्ट्रवादी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों का संवाद कार्यक्रम संपन्न

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** आगामी मुंबई मनपा चुनाव की तैयारियों में राष्ट्रवादी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया पूरी ताकत के साथ जुट गई है। मुंबई, थाने और नवी मुंबई में राकांपा रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की ओर से कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन शुरू कर दिया गया है। इसी कड़ी में गत दिनों पार्टी की ओर से चेंबूर के स्वस्तिक पार्क में पदाधिकारियों का संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रवादी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के पक्षाध्यक्ष नामदेव साबले ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने तीन मंत्र दिए हैं। शिक्षित बनो, संघर्ष करो और संगठित रहो।. हमें इस विचारधारा पर चलना होगा, तभी देश में एकता आएगी. उन्होंने हमेशा समाज के दबे, कुचले तथा गरीब लोगों के हित के लिए कार्य किया। संविधान बनाकर देश में कानून स्थापित किया। आज हमें अलग-अलग जाति को छोड़कर सबको एक धागे में पिरोकर रहना होगा। पक्षाध्यक्ष नामदेव साबले ने यह भी कहा कि आगामी मनपा चुनाव में जोर-शोर से हमें मैदान में उतरना है। मनपा चुनाव की अग्रिम तैयारियों के लिए हमें अभी से ही जुट जाना चाहिए। इस संवाद सम्मेलन का मार्गदर्शन करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष और इस कार्यक्रम के आयोजक मुरलीधर गायकवाड ने कहा कि दलित, शोषित, पीड़ित, अल्पसंख्यक तथा समाज के दबे कुचले लोगों को न्याय दिलाने के लिए हमें सड़क से सदन तक लड़ाई लड़नी होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश प्रवक्ता विजय क्षीरसागर, प्रदेश संपर्क प्रमुख अजय ठोंबे, मुंबई प्रदेश महिला आघाडी की अध्यक्षा ज्योति क्षीरसागर, मुंबई प्रदेश अध्यक्ष संजय लांडगे सहित मांगगरुडी समाज के कार्यकर्ता दीपक कसबे, पोपटराव सकट,बालू लोंढे., राजेंद्र सकट,संजय राखपसरे पुणे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम के समापन पर पक्षाध्यक्ष नामदेव साबले का पदाधिकारियों ने स्वागत किया।



## दिल्ली में भाजपा को मिली प्रचंड जीत के चारो ओर खुशी का माहौल



**वसई रोड (उत्तरशक्ति)।** भारतीय जनता पार्टी वसई रोड मंडल मध्यवर्ती कार्यालय द्वारा मंडल अध्यक्ष महेश सरवनकर और महाराष्ट्र केरल प्रकोष्ठ उत्तम कुमार ने सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी को वोडाफोन गैलरी पर उपस्थित रहकर दिल्ली में भाजपा को मिली प्रचंड जीत के बाद हर्षोल्लास और जीत की खुशी मनाया। इस अवसर पर वंदे मातरम,भारत माता की जयके साथ खुशी मनाया। इस अवसर पर केरल प्रकोष्ठ उत्तम कुमार,उद्योगपति चंद्रशेखर धूरी, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मैथ्यू कोलासो,मंडल अध्यक्ष महेश सरवनकर, एस सी मोर्चा अध्यक्ष अर्जुन इंगोले, एस टी मोर्चा अध्यक्ष चेतन पगी,मनोज शर्मा, कल्पेश चौहान, बबीता शर्मा, लालजी कनौजिया, महिला मोर्चा डॉक्टर सीमा सिंह, रीटा एस्सार, मनोज चोटलिया, राजेश चोटलिया, सर चिटनिस बाला सावंत, मंडल सचिव दुर्लभ पढ़ीयार, विजय, पत्रकार बंधु ने भी विजयोत्सव में उपस्थित सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी ने मिठाई एक दूसरे को खिलाकर जीत की खुशी मनाया। मंडल अध्यक्ष महेश सरवनकर ने सभी नेताओं कार्यकर्ता पदाधिकारी प्रशंसक का आभार व्यक्त किया।

## भाजपा का सदस्यता पंजीकरण अभियान का शुभारम्भ

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** गुरुवार मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार(सूचना एवं प्रौद्योगिकी, सांस्कृतिक मामलों के मंत्री, संरक्षक मंत्री-मुंबई उपनगर) के मार्गदर्शन में, सुनील राणे पूर्व विधायक, महासचिव/ सदस्यता अभियान प्रमुख भाजपा की उपस्थिति में चांदिवली विधानसभा (168) में सदस्यता पंजीकरण अभियान कार्यशाला हुई। उत्तरशक्ती हिंदी दैनिक समाचार के संवाददाता सुखबिंदर सिंह, करण दास,कॉम्पैन को कन्वेयर व उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्रा,जिल्हा अध्यक्ष सुषम सावंत, विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व नगरसेवक प्रकाश देव मोरे,पूर्व नगरसेवक व चांदिवली विधानसभा निवादनुक हरीश भांदिर्गे, मुंबई सचिव व पूर्व नगरसेवक सीताराम तिवारी, महेश पारकर जिल्हा कन्वेयर, जिल्हा उपाध्यक्ष हरिकेश जैसवाल, एवम मुंबई प्रदेश जिल्हा,विधानसभा,वार्ड के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों तथा इस कार्यक्रम के विधानसभा सदस्य अभियान प्रमुख विरेंद्र दुबे, वि.एन. सैनी उपस्थिति और निगरानी में संपन्न हुआ। चांदिवली विधानसभा मे टोटल 47,500 सदस्यों का पंजिकरण हुआ. जिसमें 1000 सदस्य पूर्ण किए लोगों को सम्मानित भी किया गया।



# महिला व बाल विकास विभाग द्वारा आदिवासी लड़कियों के लिए जूडो कराटे व जीवन कौशल प्रशिक्षण का आयोजन

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** जिले के आदिवासी क्षेत्रों में लड़कियों की अपनी स्वयं का संरक्षण और सुरक्षा कौशल विकास के लिए जिला परिषद महिला व बाल विकास विभाग, पालघर द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए जिला वार्षिक आदिवासी विकास योजना के तहत जूडो कराटे और जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इस पहल के तहत जिले के 50 विद्यालयों में प्रत्येक में 40 लड़कियों को जूडो कराटे प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला परिषद, पालघर प्रवीण भावसार ने कै. दिगंबरराव पाडवी प्राथमिक व माध्यमिक आश्रम विद्यालय, आंबिस्ते का दौरा कर जूडो कराटे प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की। उनके साथ बाल विकास परियोजना अधिकारी, वाडा व पर्यवेक्षिका उपस्थित रही। प्राथमिक मुख्याध्यापक प्रशांत विलास जाधव तथा माध्यमिक मुख्याध्यापक दत्तात्रेय गोपाल दाते ने कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित किया। इस मौके पर प्रशिक्षक शिवनाथ पाटील ने मौजूद लड़कियों के लिए जूडो कराटे के विभिन्न अभ्यास और प्रदर्शन किये, जिसने छात्रों के बीच एक बड़ा उत्साह पैदा किया।

लड़कियों ने कहा कि उनके साथ बातचीत करने से उनका आत्मविश्वास बढ़ गया है। पाटील ने प्रशिक्षण के साथ संतुष्टि व्यक्त की और कहा कि भविष्य में इस तरह के प्रशिक्षण की आवश्यकता है।प्रवीण भावसार ने छात्रों के लिए इस पहल की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि आत्म संरक्षण -प्रशिक्षण प्राप्त करना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस कार्यक्रम में दिए गए सहयोग के लिए स्कूल प्रबंधन को धन्यवाद दिया और ऐसी गतिविधियों को व्यवस्थित करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह महत्वपूर्ण पहल आदिवासी क्षेत्रों में लड़कियों के बीच आत्मरक्षण व जीवन कौशल विकसित करेगी तथा उनके भविष्य के संदर्भ में फायदेमंद होगी। ऐसा विश्वास विभाग के माध्यम से व्यक्त किया गया है।



## चाँदीवली में भाजपा सदस्यता पंजीकरण अभियान के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से संपूर्ण देशभर में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है और इसे अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में पर मुंबई में भाजपा सदस्य पंजीकरण अभियान कार्यशाला की बैठकें हो रही हैं और कार्यकताओं को मार्गदर्शन दिया जा रहा है।.

इसी तरह गत दिनों साकीनाका के किशोर सेठिया नगर, 90 फीट रोड पर चांदीवली विधानसभा अध्यक्ष प्रकाश मोरे के नेतृत्व में मुंबई भाजपा अध्यक्ष और सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार के मार्गदर्शन में, भाजपा सदस्य पंजीकरण अभियान कार्यशाला की बैठक पूर्व विधायक, मुंबई महासचिव/सदस्यता अभियान प्रमुख सुनील राणे की उपस्थिति में आयोजित की गई। चांदीवली विधानसभा से 47,500 प्राथमिक सदस्य पंजीकृत किए गए हैं। इस बैठक में मुंबई उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्रा, जिला अध्यक्ष पूर्व नगरसेवक सुषम सावंत, विधानसभा अध्यक्ष पूर्व नगरसेवक प्रकाश देवजी मोरे, विधानसभा चुनाव प्रमुख पूर्व नगरसेवक हरीश भांडिरगे, मुंबई सचिव पूर्व नगरसेवक सीताराम तिवारी, सदस्य अभियान आयोजक महासचिव वी.एस. सैनी और सदस्य अभियान सह-संयोजक उत्तर भारतीय मोर्चा जिला महासचिव वीरेंद्र दुबे और चांदीवली विधान सभा पदाधिकारी, वार्ड अध्यक्ष और अन्य सेल के पदाधिकारी उपस्थित थे। सभा के आयोजक प्रकाश मोरे ने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया।



## कुर्ला में विभिन्न नागरिक सुविधाओं का भूमिपूजन समारोह संपन्न

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** शिवसेना चांदीवली विधानसभा के विधायक विभाग प्रमुख दिलीप (मामा) लांडे के प्रयासों से शनिवार 8 फरवरी को बैल बाजार वार्ड नंबर 166 के संदेश नगर में विभिन्न 'नागरिक सुविधा कार्यों' का ₹भूमिपूजन समारोह₹ आयोजित किया गया और चांदीवली में विकास कार्यों को गति दी गई । इस अवसर पर विधायक दिलीप लांडे की मौजूदगी में वरिष्ठ नागरिकों और स्थानीय लोगों ने श्रीफल उठाकर पांच विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया।. जिसमें प्रमुख रूप से मीठी नदी, क्रांतिनगर में पुल पर फुटपाथ का सौंदर्यीकरण, शिशुविकास स्कूल, संदेशनगर के पीछे कूड़ेदान का निर्माण, शिशुविकास स्कूल, संदेशनगर के पीछे शौचालयों का नवीनीकरण, संदेशनगर, कुर्ला (पश्चिम) में पहाड़ी शौचालय को हटाने के बाद फुटपाथ का निर्माण, शिंगरेवाड़ी, बैल बाजार में कूड़ेदान का निर्माण आदि शामिल हैं। विधायक दिलीप लांडे के साथ शिवसेना महिला विधानसभा अध्यक्ष पूजा गावड़े, शाखा प्रमुख महेश्वर (महेश) पाणिग्रही, विधान सभा संगठिका कविता महाडेश्वर, महिला शाखा प्रमुख शर्मिला दलवी, युवा सेना शाखा प्रमुख प्रीतेश सोरटे और अन्य उपस्थित थे। इस बीच विधायक दिलीप लाडे मामा ने स्थानीय लोगों की शिकायतें एकत्रित कर उनका नीराकरण किया । इलाके में साफ-सफाई एवं पानी का मुद्दा उठाया गया जिस पर फौरन कार्यवाही करते हुए संबंधित ठेकेदार को साफ-सफाई करने के निर्देश दिये गये।



# दिव्यांगों के समावेश को रन इनसिंक ने पहली बार जीवन में उतारा

**पुणे (उत्तरशक्ति)।** एक समावेशी दौड़ जो दिव्यांग लोगों और दिव्यांगों को एकजुट करती है, पुणे में सफलतापूर्वक शुरू की गई। एडवेंचर्स बियॉन्ड बैरियर्स फाउंडेशन (अइइत्र) और रश्ठ इंडिया द्वारा आयोजित, और बजाज फिनसर्व द्वारा अपने सामाजिक प्रभाव पहलों के तहत समर्थित, इस कार्यक्रम ने बहुत रुचि दिखाई है, और समय से पहले ही पंजीकरण ओवरबुक हो गए हैं। यह भारत के अब तक के सबसे बड़े समावेशी दौड़ कार्यक्रम के लिए अच्छा संकेत है जो वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के साथ एक आधिकारिक विश्व रिकॉर्ड का प्रयास भी है। २०० मिलियन से अधिक दिव्यांग व्यक्तियों वाले देश में, रन इनसिंक जैसी समावेशी पहल सामाजिक बाधाओं को तोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह आयोजन खेलों के माध्यम से सहानुभूति और समझ को बढ़ावा देता है, और अधिक एकीकृत और दयालु समाज को बढ़ावा देने के लिए समावेश की क्षमता पर प्रकाश डालता है।

इस आयोजन के बारे में बोलते हुए, एडवेंचर्स बियॉन्ड बैरियर्स फाउंडेशन के संस्थापक दिव्यांशु गनात्रा ने कहा, ₹रन इनसिंक केवल एक दौड़ से कहीं अधिक है; यह दृष्टिकोण को नया आकार देने और जीवन के हर पहलू में समावेशिता को प्रोत्साहित करने का एक आंदोलन है।

एसवीपी इंडिया में पुणे के चैप्टर चेयर रिपल मीरचंदानी ने कहा, एसवीपी इंडिया में, हम सहयोग और नवाचार के माध्यम से सार्थक सामाजिक परिवर्तन लाने में विश्वास करते हैं। बजाज फिनसर्व में सीएसआर संचालन समिति की अध्यक्ष शेफाली बजाज ने कहा, ₹विकलांग व्यक्तियों का समावेश बजाज फिनसर्व सीएसआर के लिए प्रमुख फोकस में से एक है। हम सक्रिय रूप से उन पहलों का समर्थन करते है।

इस कार्यक्रम को पुणे स्थित टाटा ऑटोकॉम्प और जोरिएंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की सीएसआर पहलों का भी समर्थन प्राप्त है। पुणे विश्वविद्यालय से डॉ.गीता शिंदे और धनंजय भोले ने भी इस कार्यक्रम को अपना पूरा समर्थन दिया है।



## प्रजापति समाज विकास मंडल रजि. की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

**नवी मुंबई(उत्तरशक्ति)।** प्रजापति समाज विकास मंडल रजि राष्ट्रीय सामाजिक संस्था की कार्यकारिणी की बैठक रविवार 9 फरवरी को पनवेल में संस्था के कार्याध्यक्ष डॉक्टर भगवान दास प्रजापति की अध्यक्षता संपन्न हुई।

बैठक में हाल ही में 12 जनवरी को संपन्न हुए संस्था के 20वें वार्षिक सम्मेलन के बारे में चर्चा की गई तथा उसके बारे में सदस्यों द्वारा आकलन (फीडबैक) लिया गया। इसमें जो सुझाव आए, चर्चा के बाद उसको मान्य कर लिया गया। तत्पश्चात आय-व्यय प्रस्तुत किया गया। जिसको चर्चा के बात सर्व सम्मति पास कर दिया। बैठक में सदस्यों ने कई ज्वलंत विषयों पर प्रकाश डालते हुए संस्था के विस्तार पर जोर दिया है। अगले 3 साल के लिए नयी कार्यकारिणी का गठन क्षेत्रीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर किया गया।

जिसमें चंद्र प्रताप प्रजापति राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ.भगवान दास प्रजापति कार्याध्यक्ष, गजेंद्र शिव शरण प्रजापति राष्ट्रीय मुख्य महासचिव, एडवोकेट श्रीमती निहारिका प्रजापति राष्ट्रीय अध्यक्षा (महिला युवा प्रकोष्ठ), डॉ ज्ञान प्रकाश प्रजापति राष्ट्रीय संगठन सचिव, गोविंद प्रजापति राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, मनीष कुमार रेनवाल प्रजापति राष्ट्रीय महासचिव, चंद्रशेखर प्रजापति राष्ट्रीय वित्त सचिव सहित 81 सदस्यों वाली (टीम) कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक डॉ.भगवान दास प्रजापति, चंद्र प्रताप प्रजापति, सर्वजीत प्रजापति, गजेंद्र प्रजापति, संजय कुंभार, सूर्यनाथ परदेसी, राजकुमार प्रजापति, पी.एन. प्रजापति, गोवर्धन प्रजापति, मनोज प्रजापति, डॉ. ज्ञान प्रकाश प्रजापति, बलवंत प्रजापति, रोहित प्रजापति, लव कुमार प्रजापति, इंदर प्रजापति, राकेश प्रजापति आदि सदस्यों ने भाग लिया।



उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़

## वेल्डिंग शॉप में चल रही थी अवैध फैक्ट्री, भारी मात्रा में तमंचा बरामद

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। सरायख्वाजा व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए संचालन करने वाला एक आरोपी समेत मौके से 9 अवैध निर्मित व अर्धनिर्मित असलहा व शस्त्र बनाने का सामान बरामद हुआ है। एसपी के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सरायख्वाजा पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा आठ फरवरी को मुखबिर की सूचना पर अनापुर चौराहे के निकट राजेश वेल्डिंग शॉप से अवैध असलहां बनाने के फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए 32 बोर पिस्टल



(बिना मैगजीन), 315 बोर देशी तमंचा, 7 पिस्टल बाडी, 12 अर्धनिर्मित मैगजीन कवर, 5 स्लाइड, 8 नाल ( 4 निर्मित और 4 अर्धनिर्मित), 10 रिपिट (फायरिंग पिन रोड), मिली मशीन 01 (SEW MFG BY SAGGU ENGINEERING), 2 ग्रिन्डर(एक पीले रंग का जिस पर POLY-MAK लिखा है व दूसरा हरे रंग का), 02 ड्रील मशीन, 01 डिग्री कंपास, 02 हथौड़ी, 01 पिलास, 01 सिलाई रिंच को मौके से बरामद किया गया। दुकान के मालिक संजीव बिंद उर्फ संजू पुत्र राजेश बिंद निवासी जमुहाई थाना सरायख्वाजा को गिरफ्तार किया है।

# खेतासराय पुलिस ने चोरी की सूचना के 48 घण्टे के भीतर दो शातिर चोर को किया गिरफ्तार

## चोरी के दो अदद पम्पिंग सेट व एक अदद मोटर साइकिल बरामद

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। थाना खेतासराय पुलिस चोरी का सूचना के 48 घण्टे के अन्दर सफल अनावर कर दो सातिर चोर को चोरी के दो अदद पम्पिंग सेट व एक अदद चोरी की मोटर साइकिल के साथ किया गया।गिरफ्तार आज दिनांक 09.02.2025 को डॉ0 कौस्तुभ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे। अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर अरविन्द कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान व रामाश्रय राय थानाध्यक्ष खेतासराय, जौनपुर के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार राय मय पुलिस टीम द्वारा दिनांक 08.02.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 33/25 धारा 303(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते




हुये।चोरी गये पानी चलाने वाले दो अदद मोटर व थाना कोतवाली जनपद जौनपुर से मुकदमा अपराध संख्या 421/24 धारा 303 ृल्ल२ से संबंधित चोरी की मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट सीडी डीलक्स के साथ अभियुक्तगण 1- तलहा उर्फ समीर पुत्र मोहिद्दीन निवासी ग्राम मानीखुर्द थाना खेतासराय जनपद जौनपुर उम्र करीब 30 वर्ष, 2- अशरफ पुत्र अब्दुल कलाम निवासी मानीखुर्द थाना खेतासराय जनपद जौनपुर उम्र करीब 25 वर्ष को मुखबीर की सूचना पर सोंगर बैरियर से समय रात्रि करीब - 00.10 पर पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभि0 को न्यायालय भेजा गया ।गिरफ्तारी स्थल व समय सोंगर बैरियर आजमगढ बार्डर / 00.10 बजे गिरफ्तार किया।

# प्रार्थना कर रहे लोगों पर लगा धर्म परिवर्तन करवाने का आरोप, गहमा गहमी के बीच पहुंची पुलिस

लखनऊ (उत्तरशक्ति)। राजधानी लखनऊ के गोमती नगर विस्तार के भरवारा स्टेट के पास एक मकान में संचालित हो रहे चर्च में 50 से अधिक लोगों के जमा



होने पर कॉलोनी के लोगों ने धर्म परिवर्तन का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा और नारेबाजी की मौके पर एडीसीपी ईस्ट पंकज कुमार, एसीपी विभूतिखंड राधा रमण भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और चर्च में मौजूद 20 लोगों को थाने ले गए। भाजपा कार्यकर्ता अधिवक्ता बीके ओझा ने हिंदुओं के धर्म परिवर्तन का आरोप लगाते हुए मकान को सील करने और ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, चर्च की तरफ से मौजूद मोरिस कुमार ने धर्म परिवर्तन के आरोप को गलत बताया। उनका कहना है कि रविवार की वजह से सभी लोग प्रार्थना के लिए जमा हुए थे। दर्जनों लोगों ने चर्च पर हमला बोल दिया। गालीगलौज करते हुए कैमरे भी तोड़ दिया। वहीं आजाद सनातन सेना के संस्थापक/अध्यक्ष श्री संदीप पाण्डेय ₹जोगीर₹ जी व प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश श्री महेश मिश्र जी ने बताया कि लोगों को लालच देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। यह जो मोरिस कुमार और विक्रांत सिंह है यह लोग गरीब हिंदुओं को पैसे और नौकरी का लालच देकर धर्म परिवर्तन करवाते हैं। जिसका संदर्भ में गोमतीनगर विस्तार थानाध्यक्ष को किसको लालच दिया गया था उससे प्रार्थना पत्र भी दिलवाया गया है। मोरिस कुमार, विक्रांत सिंह सहित सैंकड़ों लोग राजू लाल की मदद से धर्मांतरण का कार्य कर रहे हैं।

# जौनपुर पुलिस ने आपरेशन ब्लैक फिल्म का चलाया अभियान

## ब्लैक फिल्म लगी वाहनों पर कसा गया शिकंजा, मचा हड़कंप

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद पुलिस ने आपरेशन ब्लैक फिल्म अभियान के तहत ब्लैक फिल्म लगे वाहनें पर कसा शिकंजा, वाहनों से हटवाया गया हूटर व ब्लैक फिल्म, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में जनपद जौनपुर में चलाए जा रहे।आपरेशन ब्लैक फिल्म अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों/मुख्य चौराहों पर गाड़ी में नियम विरुद्ध/ अवैधानिक रुप से हूटर/सायरन/लाल-नीली बत्ती/



ब्लैक फिल्म का प्रयोग करने वाले वाहनों की चेकिंग करते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। इस क्रम में जनपद में चेकिंग के दौरान कुल 88 पुलिस टीमों द्वारा 122 प्रमुख स्थानों पर चेकिंग करते हुए 2663 वहानों को चेक किया गया। जिसमें 454 वाहनों से ब्लैक फिल्म हटायी गयी।06 वाहनों से हुटर/सायरन हटाये गये।02 वाहनों को सीज किया गया तथा 358 वाहनों का चालान किया गया।

# दबंगों ने फैक्ट्री में घुसकर मचाया उत्पात, कर्मचारियों से की मारपीट

मुंगराबादशाहपुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सीडा सतहरिया स्थित एक बर्फिंग फैक्ट्री में घुसकर बदमाशों ने फैक्ट्री कमाचांरियों को मारपीट कर घायल कर दिया। फैक्ट्री मालिक ने पुलिस को तहरीर दे दी है। सीडा सतहरिया में इकरा बर्फिंग के नाम से फैक्ट्री है जिसमें कूकर की बफिंग (पालिस)का काम होता है। बीती रात फैक्ट्री में कुछ बदमश घुस गए और कमांचारियों से गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब तक कर्मचारी कुछ समझ पाते तब तक बदमाश कमाचांरियों को मारपीट कर सारा सामान तहस नहस कर दिया और धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल कर्मचारियों ने घटना की सूचना फैक्ट्री मालिक जावेद को दी वह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। कुछ ही देर में चौकी प्रभारी गंगा सागर मिश्र मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। फैक्ट्री मालिक जावेद ने तीन लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है इस बाबत थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र का कहना है कि तहरीर मिली है कार्रवाई की जा रही है।

## रामपुर पुलिस ने नाजायज असलहा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के मार्गदर्शन में थाना रामपुर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति / वाहन के दौरान बहद ग्राम गन्धौना से रवि सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह निवासी पट्टी जमालापुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर को एक देशी कट्टा .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ पुलिस हिरासत में लिया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर सुसंगत धाराओ मे अभियोग मे पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान संबंधित न्यायालय किया जा रहा है।




## शाहगंज में जब वन्दे भारत ट्रेन के सामने आ गया युवक, रूक गई ट्रेन

विशाल सोनी, शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। शाहगंज रेलवे स्टेशन आउटर के समीप उस समय हड़कंप मच गया जब चलती वन्दे भारत ट्रेन के सामने एक शराबी युवक आ गया। ट्रैक पर लेटे युवक को देखकर चालक ने



ब्रेक लगा दिया जिससे कुछ मिनट तक वंदे भारत ट्रेन खड़ी हो गई। ट्रेन को खड़ा होता देख गेटमैन मौके पर पहुंच युवक को हटाया। चालक की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। शराबी युवक को स्थानीय लोगों द्वारा ट्रैक से हटाने के बाद वंदे भारत आगे के लिए रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि वंदे भारत ट्रेन लखनऊ से पटना जा रही थी। सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस शराबी युवक को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई। वहीं आरपीएफ प्रभारी सुनील दिवाकर से पूछने पर उन्होंने कहा की शनिवार की रात्रि में एक शराबी युवक ट्रेन की पटरी पर गिर गया था।जिसे समय रहते गेटमैन ने हटा दिया था।उसके बाद तत्काल वन्दे भारत ट्रेन अपने गंतव्य को रवाना हो गयी।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल, राहगीरों ने की मदद

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत बडागांव समीप बीती रात हुए सड़क दुघर्टना में एक युवक घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। समीपस्थ जनपद आजमगढ़ के डेहरी गांव निवासी 32 वर्षीय बृजेश पुत्र देव नारायण बाइक से सरायमोहिद्दीनपुर से घर जा रहा था। उसी दौरान बडागांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप बाइक की भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त युवक की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

## गंगा में बाहर से आए पर्यटक की हुई मौत, साथियों के साथ आया था काशी भ्रमण के लिए

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के दशाश्वमेध थाना क्षेत्र के चौसट्ठी घाट पर गंगा स्नान करते समय दक्षिण भारतीय पर्यटक की डूबने से मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। कर्नाटक निवासी पर्यटक 35 लोगों के ग्रुप के



साथ काशी भ्रमण पर आया था। कर्नाटक के बागलकोट जिले के नवानगर के सेक्टर 15 निवासी सतीश एस जोशी 35 लोगों के ग्रुप के साथ काशी भ्रमण पर आया था। रविवार को वह अपने साथियों के साथ चौसट्ठी घाट पर गंगा स्नान कर रहा था। उसी दौरान अचानक गहरे पानी में चला गया। जब तक साथी कुछ कर पाते जब तक वह डूब गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोरों को बुलाकर शव को बाहर निकलवाया। सतीश पंचायत का कर्मचारी था। पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी रही।

# कुंभाभिषेक में चेन्नई के कुमकुम से होगी पूणार्हुति

## मंदिर पहुंचे 1100 वैदिकनल होना है महानुष्ठान

**डॉ.एस.के. मिश्र**

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। जनपद के श्री अन्नपूर्णा मंदिर के कुंभाभिषेक के महानुष्ठान की रविवार को पूणार्हुति होगी। नौदिवसीय विविध अनुष्ठानों के साथ चल रहे कुमकुमार्चन का समापन होगा। विभिन्न प्रांतों से आए 1100 से अधिक वैदिकनल अनुष्ठान कर रहे हैं। शनिवार को भी 75 वैदिक विद्वान मंत्रोच्चार के साथ मां को प्रसन्न करने के लिए कुमकुमार्चन किया। वहीं, शृंगेरी पीठ के शंकराचार्य के



सानिध्य में केदारघाट पर चल रहे महारुद्र यज्ञ की पूणार्हुति हुई। अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकरपुरी ने बताया कि शंकराचार्य विधुशेखर भारती के सानिध्य में एक फरवरी से कुंभाभिषेक चल रहा है। वैदिक विद्वानों ने शनिवार को कुमकुमार्चन किया। रविवार को सुबह चेन्नई से आए कुमकुम से सविधि पूजन अर्चन के साथ पूणार्हुति होगी। हवन पूजन होगा। 150 से अधिक वैदिक ब्राह्मणों को भोज करवाया जाएगा। वसंतोत्सव काव्यांजलि में निराला को किया याद प्रेमचंद मार्गदर्शन केंद्र ट्रस्ट लमही तत्वावधान में साहित्यिक संध्या कार्यक्रम में वसंतोत्सव काव्यांजलि हुई। शुरूआत मां वीणापाणि की वंदना से हुई। कवियों का सम्मान संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव और संस्था संरक्षक प्रो.श्रद्धानंद ने किया। इसमें डॉ. मंजरी पांडेय, डॉ. शरद श्रीवास्तव, संतोष कुमार, आनंद कृष्ण माशुम, कुमार महेंद्र ने वसंत पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत की। कवियों ने महान साहित्यकार सूर्यकांत त्रिपाठी निराला को भी याद किया। दूसरा चरण 5 बजे शुरू हुआ। इसमें समिति और हिंदी परिवार की ओर से श्रोता संवाद हुआ। यह विशेष कार्यक्रम समिति के कार्यवाहक प्रधानमंत्री घनश्याम यादव की अध्यक्षता में हुआ।

# महाकुंभ से लौट रहे 4 श्रद्धालुओं की हादसे में मौत

## सोनभद्र में ट्रेलर ने बोलेरो को मारी टक्कर, 6 गंभीर, रायपुर जा रहे थे सभी

सोनभद्र(उत्तरशक्ति)। जनपद में श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो और ट्रेलर की टक्कर हो गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बोलेरो सवार सभी श्रद्धालु महाकुंभ स्नान कर छत्तीसगढ़ के रायपुर लौट रहे थे। हादसा बभनी के दरनखाड़ के पास हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों और पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी में भर्ती कराया है। चार की मौके पर मौत हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान 1.लक्ष्मीबाई (30) पत्नी रामकुमार 2. अनिल प्रधान (37) केशपाली, थाना पुसौर, जिला रायगढ़ 3. ठाकुर राम यादव (58) 4. रूक्मणी यादव (56)



पत्नी ठाकुर कुमार यादव घायलों की हालत गंभीर हादसे में सात लोग घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 1. रामकुमार यादव (33) पुत्र चक्रधर यादव 2. दीलीप देवी (58) पत्नी चक्रधर यादव 3. अभिषेक यादव (6) पुत्र रामकुमार 4. अहान यादव (4) पुत्र रामकुमार 5. योगी लाल (36) पुत्र ठाकुर राम यादव 6. हर्षित यादव (ढाई वर्ष) पुत्र योगी लाल यादव 7. सुरेन्द्री देवी (32) पत्नी जोगी लाल शामिल हैं।

# वाराणसी–शक्तिनगर मार्ग के बीच में रेनूकूट बाजार में आए दिन हो रहा यातायात जाम

## नहीं निकल पा रहा है कोई समस्या का समाधान

**राजेद्र प्रसाद गुप्ता की रिपोर्ट**

रेनूकूट,सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर आये दिन हो रहे।जाम से दुकानदार से लेकर आम जन मानस को हो रही है परेशान, जाम की सबसे बड़ी समस्या तब होती है। जब कोई ट्रेला या लोडिंग ट्रक खराब हो कर खड़ा हो जाता है। जिसके कारण आवागमन बाधित हो जाता है। इसकी सबसे बड़ी वजह या है की हाथीनाला से लेकर वाराणसी तक फोर लाइन का मार्ग बना हुआ है। हाथी नाला से शक्तिनगर तक सिंगल लाइन का मार्ग बना हुआ है।जिसके कारण आये दिन जाम लगता रहता है। जाम फस जाने के बाद कई कई घंटों तक राहगीरो



कतार में खड़ा रहना होता है। कई बार तो एम्बुलेंस उसी जाम में फस जाती है। मरीज की जान ससत में पढ़ जाती है। अब यह देखना है कि जाम की इस समस्या का कब और कैसे समाधान होता है।

# रेलवे के सेवानिवृत्त कर्मचारी की दुर्घटना में मौत

**मोहम्मद अफजल**

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। खेतासराय थाना क्षेत्र के गोरारी बाजार में सड़क पार कर रहे रेलवे के रिटायर्ड गेटमैन राम अचल मौर्य की रोडवेज बस के धक्के से मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस समेत फरार हो गया। परिजन उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाये लेकिन हालत बिगड़ने पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते है कि खेतासराय थाना क्षेत्र के गोरारी खलीलपुर निवासी 78 वर्षीय राम अचल मौर्य पुत्र स्व:रघुनाथ उत्तर रेलवे के डोभी गांव स्थित गेटमैन पद से रिटायर्ड हुए थे। उनका मकान शाहगंज जौनपुर नेशनल हाईवे के पूर्वी तरफ है। सड़क के पश्चिम तरफ उनका निजी खेत है। जिसमें वह खेती किसानी करते थे। शनिवार की देर शाम वह अपने खेत से निकल कर सड़क पार करके घर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान अयोध्या से प्रयागराज को जा रही रोडवेज की एक बस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। सड़क पर गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पास पड़ोस के लोग जब तक उन्हें उठाते बस का चालक तेज गति से वाहन को लेकर फरार हो गया।

उधर परिवार वाले उपचार के लिए खेतासराय के एक निजी अस्पताल ले गए। स्थिति गंभीर देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। देर रात्रि हालत बिगड़ने पर उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खेतासराय थानाध्यक्ष ने बताया कि बस के बारे में छानबीन की जा रही है। मृतक राम अचल मौर्य के दो पुत्र हैं। बड़ा पुत्र हरेंद्र मौर्य एचडीएफसी बैंक में सिक्योरिटी गार्ड और छोटा पुत्र देवेंद्र मौर्य खेती किसानी करता हैं।

# संस्थापक यमुना प्रसाद गुप्त थे महामना: राधेश्याम पाण्डेय

## ब्रिटिश शासन में स्थापित स्कूल आज भी उपेक्षित

मुंगराबादशाहपुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मुंगराबादशाहपुर में स्थित हिन्दू इंटर कालेज के प्रांगण में संस्थापक यमुना प्रसाद गुप्त की 126वीं जयंती शनिवार को संस्थापक परिवार की तरफ से बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व पायलट आफीसर राधेश्याम पाण्डेय ने कहा कि सच मानें में संस्थापक यमुना प्रसाद गुप्त क्षेत्र के मदन मोहन मालवीय थे। उन्होंने एक एक पैसा मांग कर पच्चीस वर्ष की अवस्था में ब्रिटिश हुकूमत में इतना बड़ा विद्यालय खड़ा कर दिया जो मामूली बात नहीं है। विशिष्ट अतिथि महिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष रेखा सिंह ने कहा कि शिक्षा मंदिर को माफियाओं के हाथों से मुक्त कराने के लिए मैं हमेशा तैयार रहूंगी। विशिष्ट अतिथि भाकियू प्रदेश सचिव राजनाथ यादव ने अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि आजादी के पहले सन 1923 में स्थापित इस विद्यालय का अपेक्षित विकास नहीं हो सका, जितना बाद के शिक्षण संस्थानों का तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने विद्यालय को दासता की बेड़ी से मुक्त कराने व पुनः संस्थापक के सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष समिति बनाने की घोषणा किया। मुख्य वक्ता पूर्व नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्त राजू व सपा नेता शैलेन्द्र साहू थे। अन्य वक्ताओं में अपना दल कमेरावादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामचंद्र पटेल, भाजपा जिला महामंत्री राज पटेल,सालिक राम पटेल, गणेश ऊमर वैश्य,कल्पनाथ गुप्त, सुभाष चन्द्र पटेल, सीताराम पटेल व लाल बहादुर पाल व कृष्णा सिंह आदि रहे। संचालन राजीव जायसवाल ने व अध्यक्षता भाकपा जिला मंत्री शालिक राम पटेल ने किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने विद्यालय परिसर में स्थित संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार बृजेश कुमार गुप्त ने स्वागत भाषण किया। सह संयोजक पत्रकार शुभम कुमार गुप्त ने आभार व्यक्त किया। अधिवक्ता अशोक कुमार विश्वकर्मा, त्रिपुरारी शंकर पटेल, चंचल कुमार गुप्त ने व्यवस्था में सहयोग किया। मुख्य रूप से राज पटेल, धर्म राज पटेल, सीताराम, बाबूलाल पटेल, पिंटू ऊमर वैश्य, आरके शर्मा, पत्रकार सूरज विश्वकर्मा, साधू गुप्त, बच्चा केशरी, शंकर लाल गुप्ता, जितेंद्र कुमार गुप्त, अनिल विश्वकर्मा, राकेश ऊमर वैश्य, राजकुमार पटेल आदि रहे।



# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मनाया गया विचार परिवार मिलन शाखा का वार्षिकोत्सव

## नगर के तिलकधारी इंटर कॉलेज के प्रांगण में हुआ आयोजन

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विचार परिवार मिलन शाखा का वार्षिकोत्सव रविवार को नगर के तिलकधारी इंटर कॉलेज के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में आरएसएस की विभिन्न अनुसंगठित संगठनों के स्वयंसेवक आए। मंच पर डॉ.राकेश सह प्रान्त कार्यवाह,जिला संघ चालक डॉ.सुभाष रहे। शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया गया। इस दौरान सभी स्वयंसेवक अपने पूरे गणवेश में रहे। स्वयंसेवकों ने व्यायाम योग, आसन, सामूहिक समता, तिष्ठयोग, सुभाषित, गणगीत का सामूहिक प्रदर्शन किया। शाखा को संबोधित करते हुए डॉ.राकेश सह प्रान्त कार्यवाह ने स्वयंसेवकों के गुणों के बारे में बताया कि हम सभी स्वयंसेवक भारत को पुनः विश्व गुरु के पद पर आसीन करने के लिए कार्य करते है। शाखा के द्वारा ऐसे स्वयंसेवकों का निर्माण किया जाता है। जो शारीरिक, मानसिक,चारित्रिक, नैतिक रूप से मजबूत होते हैं तथा देश में अलग-अलग क्षेत्र में काम करते हुए भारत को आगे ले जाने के लिए सदैव तत्पर रहते है। हम सभी एक दूसरे का सहोदर भाई मानते देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रख सकते हैं। इस प्रकार एक भारत और श्रेष्ठ भारत का निर्माण होगा। अच्छे नागरिक बनने के सभी गुण प्रत्येक व्यक्ति के अंदर संघ की शाखा में आने के बाद ही धीरे-धीरे स्वतः परिलक्षित होने लगते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, दीपक श्रीवास्तव, डॉ.अंजना श्रीवास्तव, विकाश मौर्य आदि उपस्थित थे।

## छात्र छात्राओं की टोली ने की साफ सफाई

बदलापुर, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। श्री बजरंग पीजी कॉलेज घनश्यामपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर कार्यक्रम के पांचवे दिन स्वयं सेवकों तथा स्वयं सेविकाओं द्वारा जन जागरूकता के तहत प्राइमरी पाठशाला वीरपालपुर में साफ सफाई का कार्य किया गया। इस अवसर पर बृजेश तिवारी उपेंद्र यादव व कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर जैनेंद्र तिवारी दीपक मल्लू उपाध्याय प्रज्ञा निवे दिता, श्रुति दुबे, महक सिंह, तृषा मिश्रा, सुषमा भारती तान्या मिश्रा, रीता भारती आदि छात्र-छात्रायें उपस्थित रही।

## 12 जगहों पर कल से होगी सिपाही भर्ती दौड़ परीक्षा

**लखनऊ (उत्तरशक्ति)**। सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर भर्ती के लिए दौड़ की परीक्षा (पीईटी) सोमवार से शुरू होगी। भर्ती प्रक्रिया के अंतिम चरण के तहत होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा के बाद चयनित अभ्यर्थियों का मेडिकल होगा और चरित्र प्रमाण मांगे जाएंगे। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड परीक्षा का आयोजन पीएसी की 12 वाहिनियों में करा रहा है, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रोजाना करीब 10 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। सेंधमारी रोकने के भी पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। बता दें कि भर्ती बोर्ड ने दौड़ परीक्षा के पहले चरण के तहत करीब 1.20 लाख प्रवेशपत्र जारी किए हैं। वहीं सोमवार को शेष करीब 40 हजार अभ्यर्थियों के प्रवेशपत्र जारी होने हैं। परीक्षा का आयोजन 27 फरवरी तक होना है। परीक्षा का आयोजन 45वीं वाहिनी अलीगढ़, 12वीं वाहिनी फतेहपुर, 8वीं वाहिनी बरेली, 9वीं वाहिनी मुरादाबाद, 26वीं वाहिनी गोरखपुर, 37वीं वाहिनी कानपुर, 33वीं वाहिनी झांसी, 35वीं वाहिनी लखनऊ, 6वीं वाहिनी मेरठ, 47वीं वाहिनी गाजियाबाद, 20वीं वाहिनी आजमगढ़ और 39वीं वाहिनी मिजार्पुर में किया जाएगा। पीईटी के दौरान कलाई घड़ी पहनना प्रतिबंधित है। कुछ अभ्यर्थियों के इसके इस्तेमाल के अनुरोध पर विचार करके बोर्ड ने परीक्षा स्थल पर डिजिटल घड़ी का प्रबंध किया है।

परीक्षा में पुरुष अभ्यर्थियों को 25 मिनट में 4.8 किमी की दौड़ पूरी करनी होगी, जबकि महिला अभ्यर्थियों को 14 मिनट में 2.4 किमी की दौड़ पूरी करनी होगी। परीक्षा बोर्ड की ओर से गठित समिति द्वारा कराई जाएगी, जिसमें डीएम की ओर से नामित एक एसडीएम, सीएमओ की ओर से नामित डॉक्टर, कमिश्नर/एसएसपी की ओर से नामित डिप्टी एसपी शामिल हैं। परीक्षा का परिणाम दिन की समाप्ति पर सूचना पट पर प्रदर्शित करना होगा। बोर्ड ने अभ्यर्थियों से उनके प्रवेशपत्र, मूल पहचानपत्र, मूल आधार कार्ड के साथ परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने को कहा है। यदि कोई अभ्यर्थी नियत तिथि एवं समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रहने में असफल रहता है तो वह समिति को वजह बताते हुए प्रत्यावेदन दे सकता है। यह उसे खुद अथवा किसी प्रतिनिधि के जरिये देना होगा। डाक, ई-मेल अथवा किसी अन्य माध्यम से भेजा गया प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं होगा। समिति उसे किसी अन्य दिन परीक्षा के लिए बुला सकती है। यूपी पुलिस की 60,244 सिपाही भर्ती में सफल उम्मीदवारों को 9 महीने का आधारभूत प्रशिक्षण प्रदेश के सभी प्रशिक्षण केंद्रों पर दिया जाएगा। अंतिम चरण की परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का चरित्र सत्यापन उनके गृह जिलों से कराया जाएगा।

## पुलिस मुठभेड़ मे लुटेरे के एक पैर में लगी गोली

**फिरोजाबाद (उत्तरशक्ति)**। फिरोजाबाद के शिकोहाबाद में लगभग डेढ़ माह पूर्व रेस्टोरेंट संचालक के एक लाख रुपये लेकर फरार चल रहे आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हुआ है। जिसके पास से तमंचा-कारतूस बरामद हुए हैं। जबकि दूसरा बदमाश मौका पाकर भाग निकला। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश को जेल भेजा है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बालाजी मंदिर के समीप निवासी सावंत सिंह, राधा पूनम रेस्टोरेंट का संचालन करते हैं। गत 20 दिसंबर को वह किसी को एक लाख रुपये देने के लिए बैंक ऑफ इंडिया से रुपये निकालने आए थे। रुपये निकालकर बाइक की डिक्की में रख लिये थे। बैंक से तहसील तिराहे के बीच बदमाशों ने डिक्की में रखे हुए रुपये निकाल लिए थे। पुलिस तभी से दोनों बदमाशों की तलाश कर रही थी।शनिवार को मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि पल्सर बाइक सवार दो बदमाश मैनपुरी रोड स्थित गिर्राज जी कोल्ड स्टोरेज के समीप मौजूद हैं। वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलने पर सीओ प्रवीण कुमार तिवारी, इंस्पेक्टर ओमकार सिंह, विजय गोस्वामी, चमनलाल शर्मा एवं अन्य पुलिसकर्मियों में विजय कुमार, अमन अवस्थी, कौशल एवं गौरव चौधरी ने दोनों बदमाशों की घेरबंदी शुरू कर दी। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। जिसको पुलिस ने संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया है। पकड़े गए बदमाश ने पुलिस को अपना नाम राज कुमार निवासी थाना जैत आगरा बताया है। जिसके पास से तमंचा-कारतूस एवं 10.600 हजार रुपये बरामद हुए हैं। पकड़े गए बदमाश ने फरार हुए साथी का नाम संजय वर्मन निवासी जनपद इटावा बताया है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। एसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया ने बताया कि पकड़े गए दोनों बदमाशों ने गत 20 दिसंबर को रेस्टोरेंट संचालक के एक लाख रुपये निकाल लिए थे।

## बाइक की टक्कर से किसान की मौत

**मुरादाबाद (उत्तरशक्ति)**। पाकबड़ा में हाईवे पर शनिवार की शाम दो बाइकों की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार किसान की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी समेत तीन घायल हो गए है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संभल जनपद के असमोली थाना क्षेत्र के शाहपुर डसर गांव निवासी जाबिर(48) किसान हैं। जाबिर के परिवार में पत्नी दिलवरी और चार बच्चे हैं। शनिवार की शाम जाबिर अपनी पत्नी दिलवरी के साथ बाइक से मैनाठेर के एहलादपुर गांव में अपने साढू के घर शादी में जाने को निकले थे। जैसे ही बाइक सवार दंपती पाकबड़ा में दिल्ली मार्ग पर विल्सोनिया स्कॉलर्स होम के सामने पहुंचे। इसी दौरान दूसरी बाइक ने जाबिर की बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में दंपती और दूसरी बाइक पर सवार युवक घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चारों घायलों को दिल्ली रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान जाबिर की मौत हो गई। उसकी पत्नी दिलवरी की हालत गंभीर है। दूसरी बाइक पर सवार बिहार के सीतामढ़ी भंवरा भीमपुर निवासी अभिषेक और राजा कुमार भी घायल हो गए थे। उनकी हालत भी गंभीर है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि घायलों का इलाज चल रहा है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा। पाकबड़ा थाना क्षेत्र में मुरादाबाद रामपुर हाईवे पर शनिवार को दोपहर गिन्नौर दी माफी गांव के पास कार और बस में टक्कर हो गई।

## अमूव फाउंडेशन मुंबई द्वारा आदिवासियों में कंबल एवं शालेय सामग्री वितरित



**मुंबई**। अमूव फाउंडेशनं मुंबई द्वारा ठाणे के शहापुर तालुका से 45 कि.मी. दूर आदिवासी गाँव चोंडे खुर्द के जिला परिषद शाला के विद्यार्थियों को अध्यक्ष ओमप्रकाश मुरारका (मुलुंड के सुप्रसिद्ध समाजसेवी )के मार्गदर्शन में आवश्यक शालेय शिक्षण सामग्री तथा उस गाँव के ग्रामीण महिलाओं को कंबल वितरित किया। इस अवसर पर समाजसेवी श्रीमती चंद्रकला मुरारका, मधु अनिल कनोई, डॉ दीपाली पंकज मखारिया, कु. प्रसिद्धि मखारिया उपस्थित रही। अमूव फाउंडेशन हर तीसरे माह ऐसे उपक्रम आदिवासी क्षेत्रों में आयोजित कर आदिवासियों को सहयोग प्रदान करता है। यह कार्यक्रम पिछले 9 वर्षो से जारी है।

## लोकतंत्र और संविधान आरक्षण बचाने के लिए पीडीए समाज की एकजुटता आवश्यक : पटेल



**जौनपुर (उत्तरशक्ति)**। पीडीए जनसंवाद और चौपाल का आयोजन समाजवादी शिक्षक सभा जौनपुर के तत्वाधान में मल्हनी विधानसभा क्षेत्र के लखौंवा बाजार में ऐपक्स लाइब्रेरी सेंटर पर किया गया। मुख्य अतिथि समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एस पी सिंह पटेल रहे तथा अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ.एस पी सिंह पटेल ने कहा कि प्रभुत्ववादी, सामंतवादी पीडीए समाज के अधिकार को छीन कर उनके भविष्य को बर्बाद कर देना चाहते हैं। ऐसे में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा पीडीए आंदोलन को कामयाब बनाए और ये तभी संभव है जब पीडीए समाज संकल्प ले कर एकजुट हो जाएगा। पीडीए चर्चा कार्यक्रम को मल्हनी के विधायक लकी यादव, जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, महासचिव आरिफ हबीब, वरिष्ठ नेता दीपचंद राम, उपाध्यक्ष गण श्यामबहादुर पाल, हीरालाल विश्वकर्मा, महेंद्र यादव नैपाल, रिटायर्ड प्रधानाचार्य मंगरूराम मौर्य सहित शिक्षक सभा के ज़िले के पदाधिकारीगण, विधानसभा अध्यक्ष गण ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर शिक्षक सभा जौनपुर के जिलाध्यक्ष डॉ.ईश्वर लाल यादव, प्रदेश सचिव लालबहादुर यादव, महासचिव यादवेंद्र कुमार यादव, बृजभूषण, चंद्रशेखर, रामजस पटेल, डॉ.विनय प्रकाश यादव, अनिल यादव, रामप्रवेश यादव, गणेश मौर्य, नवरत्न गौतम, कांतिलाल, वित्तविहीन शिक्षक संघ के अध्यक्ष अखिलेश यादव, महामंत्री राजेंद्र पाल, मंगरूराम मौर्य, रामबली, उमाशंकर यादव, डॉ.कमलेश, लालमणि राजभर, जयप्रकाश, कौशल कुमार, अमृतलाल, सूर्यभान यादव, शिशिर यादव, रामप्रसाद, कमलेश यादव, दिनेश सहित सभी विधानसभा क्षेत्रों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.एस पी सिंह पटेल द्वारा विधानसभा अध्यक्ष गण एवं प्रभारी गण को मनोनयन पत्र सौंपा। पीडीए चर्चा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य तथा संचालन शिक्षक सभा के प्रदेश सचिव लालबहादुर यादव ने किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर और कर्मचारी गैरहाजिर

**बलरामपुर**। मुख्य चिकित्साधिकारी ने शनिवार की दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुबारकपुर और उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सठियांव का निरीक्षण किया। इस दौरान कई अनुपस्थित मिले। सीएमओ ने सभी अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। सीएमओ पहले सीएचसी मुबारकपुर पहुंचे, वहां पर डॉ. मनोज, डॉ. पीयूष श्रीवास्तव उपस्थित मिले। डॉ. ऋषि कुमार, चीफ फार्मासिस्ट चंद्र प्रकाश, फार्मासिस्ट विनोद कुमार, दिलशाद जहां, रणविजय और जय राम चौहान अनुपस्थित मिले। एक्स-रे टेक्नीशियन का स्टॉक बुक अपडेट नहीं था। दो प्रसव हुए थे लेबर रूम से बदबू आ रही थी। सीएमओ ने कर्मचारियों को साफ सफाई रखने के निर्देश दिए।

## उपसंपादक प्रेम चंद मिश्रा के आवास पर आरटीआई एक्टीव संजय गुप्ता ने किया सत्कार



**नालासोपारा (उत्तरशक्ति)**। वसई निवासी आर टी आई एक्टीव संजय भाई गुप्ता समाज सेवक के साथ - साथ भ्रष्टाचार के विरुद्ध बुलंद आवाज उठाने वाले संजय गुप्ता आम आदमी और गरीब , लाचार, दबे लोगों के लिए समाज के हक की लड़ाई लड़ने वाले उत्तर भारतीय समाज के युवा नेतृत्व तेजतर्रार व भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले पहले युवा नेता हैं। अभी हाल में ही प्रशासन के भ्रष्टाचार के विरुद्ध कई दिनों तक अनशन पर बैठे थे। पत्रकार संजय गुप्ता ने दैनिक उत्तर शक्ति के उप संपादक प्रेमचंद मिश्रा के आवास पर जा कर गमछा ओढ़ा कर प्रेम चंद मिश्रा का स्वागत किया और कुशलक्षेम पूछा, तथा दैनिक उत्तर शक्ति समाचार पत्र को आगे बढ़ाने के लिए विस्तार से चर्चा किया। और उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही एक बैठक कर के अखबार को सुचारू रूप चलने के लिए विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तन-मन-धन से सहयोग भी करेंगे । ऐसा माना जाता है कि आगामी नगर पालिका चुनाव में भावी नगर सेवक के रूप में चुनाव लड़ने की तैयारी भी करेंगे।

## पीएम मोदी टाइम्स ग्रुप ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट 2025 में उद्योग जगत के दिग्गजों को करेंगे संबोधित



**मुंबई(उत्तरशक्ति)**। टाइम्स ग्रुप की एक प्रमुख पहल, ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट ने एशिया के प्रमुख विचार नेतृत्व मंच के रूप में अपनी जगह बना ली है, जहां सबसे प्रभावशाली आवाजें बदलाव लाने के लिए एक साथ आती हैं। इस वर्ष की थीम, इवॉल्व, इमर्ज, एक्सपैंड, को फिर से परिभाषित करने वाले महत्वपूर्ण बदलावों को दर्शाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बार फिर शिखर सम्मेलन की शोभा बढ़ाने के साथ, उनकी दूरदर्शी अंतर्दृष्टि इन गतिशील परिवर्तनों को आगे बढ़ाने और विकास और नवाचार के लिए नए रास्ते खोलने के लिए एक रोडमैप पेश करेगी। अपने 9वें संस्करण में, टाइम्स ग्रुप ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट ताज प्लेस, नई दिल्ली में परिवर्तनकारी संवादों को बढ़ावा देने की अपनी विरासत को जारी रखे हुए है। शिखर सम्मेलन के 2024 संस्करण में, प्रधान मंत्री मोदी ने एक सम्मोहक मुख्य भाषण दिया, जिसमें भारत के लिए एक परिवर्तनकारी आर्थिक प्रक्षेपवक्र का वादा किया गया। उन्होंने एक मजबूत विकास दर, घटते राजकोषीय घाटे और दावोस में भारत के सकारात्मक स्वागत पर प्रकाश डालते हुए, एक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में देश के उदय का आश्वासन दिया। उन्होंने भारत को सुपर-कौशल द्वारा संचालित एक साहसिक 30-वर्षीय रोडमैप द्वारा समर्थित दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कल्पना की। आज, जैसा कि प्रतिबद्ध है, वह दृष्टि साकार हो रही है - भारत की अर्थव्यवस्था प्रभावशाली गति से बढ़ रही है, राजकोषीय अनुशासन एक प्राथमिकता बनी हुई है, और देश नवाचार, विनिर्माण और डिजिटल परिवर्तन में एक वैश्विक नेता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है। भारत के आर्थिक और वैश्विक पुनरुत्थान के वास्तुकार के रूप में, प्रधानमंत्री मोदी एक मुख्य भाषण देंगे जो भारत के बढ़ते वैश्विक पदचिह्न, सतत आर्थिक प्रगति और परस्पर जुड़ी दुनिया में सहयोग की भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेगा। भारत के आर्थिक पुनरुत्थान के वास्तुकार के रूप में, उनके शब्द न केवल देश की उल्लेखनीय यात्रा को दर्शाएंगे बल्कि भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण भी पेश करेंगे - जिस पर व्यवसाय और निवेशक उत्सुकता से नजर रखेंगे। ऐसे समय में जब उद्योग अपने प्रक्षेपवक्र को फिर से परिभाषित कर रहे हैं, पीएम मोदी की उपस्थिति भविष्य के लिए तैयार अर्थव्यवस्था के लिए साहसिक विचारों, दूरदर्शी संवादों और रणनीतियों के लिए मंच तैयार करेगी। शिखर सम्मेलन केवल बातचीत के बारे में नहीं है - यह कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि, सार्थक सहयोग और खेल-बदलने वाले दृष्टिकोणों के बारे में है जो अगले दशक को आकार देंगे।

## जौनपुर पुलिस ने आपरेशन ब्लैक फिल्म का चलाया अभियान



**जौनपुर (उत्तरशक्ति)**। जनपद पुलिस ने आपरेशन ब्लैक फिल्म अभियान के तहत ब्लैक फिल्म लगे वाहनें पर कसा शिकंजा, वाहनों से हटवाया गया हूटर व ब्लैक फिल्म,पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में जनपद जौनपुर में चलाए जा रहे।आपरेशन ब्लैक फिल्म अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों/मुख्य चौराहों पर गाड़ी में नियम विरुद्ध/अवैधानिक रुप से हूटर/सायरन/लाल-नीली बत्ती/ ब्लैक फिल्म का प्रयोग करने वाले वाहनों की चेकिंग करते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। इस क्रम में जनपद में चेकिंग के दौरान कुल 88 पुलिस टीमों द्वारा 122 प्रमुख स्थानों पर चेकिंग करते हुए 2663 वहानों को चेक किया गया। जिसमें 454 वाहनों से ब्लैक फिल्म हटायी गयी।06 वाहनों से हुटर/सायरन हटाये गये।02 वाहनों को सीज किया गया तथा 358 वाहनों का चालान किया गया।

## श्री राम चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में नौं दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन



**आनंद मिश्रा**

**नालासोपारा (उत्तरशक्ति)**। नालासोपारा सामाजिक संस्था श्रीराम चेरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) के तत्वावधान में विश्व कल्याणार्थ नौं दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा का दिव्य आयोजन नालासोपारा पूर्व मोरेगांव के 120 फिट रोड़ पर आयोजित किया गया है। प्रख्यात कथा व्यास पू. बालकृष्ण दास 'मानस रसिक' जी (अयोध्यावासी) के मुखारविंद से पतित पावनी श्रीराम कथा का रसपान करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोतागण उपस्थित रहकर श्रवण लाभ ले रहे हैं। बता दें कि आचार्य पं. राजेश तिवारी व आचार्य पं.विजय तिवारी के सानिध्य में नित्य वेदी पूजन व मानस परायण का अनुष्ठान किया जा रहा है। शनिवार दोपहर में निकाली गयी भव्य कलशयात्रा में शामिल बड़ी संख्या में महिला, पुरूष व बच्चों ने जय श्री राम के नारों से वातावरण को भगवामय कर दिया। 8 फरवरी से 16 फरवरी तक नित्य प्रवाहित होने वाली ज्ञानगंगा का समय सायंकाल 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक है, इस समयावधि तक बड़ी संख्या में पधारकर श्रोतागण आयोजन को सफल बनाएं ऐसा निवेदन आयोजन समिति द्वारा किया गया है।

श्री रामकथा के भव्य आयोजन की आयोजन समिति मे श्री राम चेरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) के संस्थापक प्रमोद पाठक , अध्यक्ष विपिन सिंह, सचिव रितीन सिंह, कोषाध्यक्ष ललित भंडारी, व्यवस्थापक अनिल पांडे,अनुज सिंह,मनिष विश्वकर्मा,आकाश तिवारी, अमित द्विवेदी,मनोज वर्मा, राजेश मिश्रा, अनिल शुक्ला,सागर सिंह,नरेश बोहरा, संतोष पाल सहित तमाम महिला पुरूष कार्यकर्ता एकजुट होकर धर्म के कार्य में सहयोग कर रहे हैं।

## औद्योगिक प्रदर्शनी 'महाटेक 2025' का आयोजन



**मुंबई**। औद्योगिक उत्पादों और सेवाओं के प्रचार के लिए एक प्रमुख मंच 'महाटेक 2025' उत्साह के साथ शुरू हो गयी है। कैजेन इंस्टिट्यूट (सैन) एल.एल.पी. के मैनेजिंग डायरेक्टर विनोद ग्रोवर के हाथों इस भव्य औद्योगिक प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ। 06 से 09 फरवरी 2025 के दौरान पुणे में आयोजित इस प्रदर्शनी में अत्याधुनिक उत्पाद, मशीनें और उपकरण विपणन और बिक्री के लिए प्रदर्शित किए जाएंगे। यह प्रदर्शनी मशीन टूल्स, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन और ऑटोमेशन उपकरण, फार्मा और सहायक उद्योगों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। महाटेक में लगभग 800 से 1000 करोड़ रुपये का व्यापार होने की संभावना है। इस अवसर पर बोलते हुए उद्योग मंत्री माननीय श्री. उदय सामंत ने कहा कि महाटेक केवल महाराष्ट्र की नहीं, बल्कि दुनिया की एक प्रमुख एक्सपो बन चुकी है। महाटेक में आने पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी का अनुभव होता है। मुझे पूरा विश्वास है कि महाटेक से कई उद्यमियों को लाभ होगा। अधिक जानकारी देते हुए मराठे इंफोटेक प्रा. लि. के डायरेक्टर सुमुख मराठे और गौरी मराठे ने कहा, उत्पादन क्षेत्र को एक उपयुक्त मंच प्रदान कर उनकी वृद्धि को प्रोत्साहित करना ही महाटेक का मुख्य उद्देश्य है। कई बड़े उद्योगपतियों ने अपनी उत्पादन और खरीद आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए महाटेक 2025 में हिस्सा लिया है। हमने महाटेक के प्रतिभागियों के लिए वेंडर डेवलपमेंट मीट का आयोजन किया था। इस संवादात्मक मंच ने ओईएम खरीदारों और एसएमई आपूर्तिकताओं के बीच संवाद को आसान बनाने में मदद की। महाटेक का यह 22वां वर्ष है, जिसमें भारत भर से 500 से अधिक उद्यमी हिस्सा लेंगे और करीब 25,000 से अधिक ग्राहकों के आने की उम्मीद है। ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज, चेंबर ऑफ स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, ठाणे स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, मिनिस्ट्री ऑफ इंडस्ट्रीज (महाराष्ट्र सरकार), गोकुल शिरगांव मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज, मध्य प्रदेश इस प्रदर्शनी के प्रमुख सहयोगी संगठन हैं।

## न्यूवोको विस्तास ने नागपुर में अपना दूसरा रेडी-मिक्स प्लांट लॉन्च किया

**मुंबई**। नुवोको विस्तास कॉर्प लिमिटेड, भारत की पांचवीं सबसे बड़ी सीमेंट समूह, ने महाराष्ट्र में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करते हुए नागपुर में दूसरा रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमएक्स) प्लांट लॉन्च किया है। यह संयंत्र रणनीतिक रूप से कामठी रोड पर स्थित है, जिससे महत्वपूर्ण बाजारों तक पहुंच आसान हो गई है। यह कदम नुवोको की क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले निर्माण सामग्रियों की आपूर्ति के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है। नुवोको के नागपुर-क(मिहान) संयंत्र से लगभग 27 किमी की दूरी पर स्थित नागपुर-क्क कंपनी को औद्योगिक, वाणिज्यिक और आवासीय परियोजनाओं के लिए नागपुर में बढ़ती कंक्रीट की मांग को पूरा करने में सक्षम बनाएगा। यह संयंत्र श्रीनगर-कन्याकुमारी हाईवे पर कपिलांश धातु उद्योग लिमिटेड के निकट स्थित है, जिससे नागपुर शहर, कोराडी और भंडारा रोड सहित प्रमुख क्षेत्रों तक सुगम संपर्क सुनिश्चित होता है। इसके अलावा, संयंत्र की पंचगांव और हिंगना क्षेत्रों के निकटता कच्चे माल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करती है, जिससे परिचालन क्षमता में वृद्धि होती है और यह बड़े और छोटे दोनों प्रकार के कंक्रीट कार्यों के लिए एक आदर्श केंद्र बन जाता है।90 क्यूबिक मीटर प्रति घंटा की उत्पादन क्षमता के साथ, इस संयंत्र में एक ट्विन शाफ्ट मिक्सर है, जो नुवोको के प्रसिद्ध ब्रांड्स के तहत मूल्य वर्धित उत्पादों सहित विभिन्न कंक्रीट ग्रेड का उत्पादन करने में सक्षम है। इनमें एक्सकॉन विशेषज्ञ कंक्रीट मिक्सेस के लिए, कंक्रीटो स्व-सम्पैक्टिंग और उच्च-बल समाधान के लिए, इकोड्योर ग्रीन कंक्रीट के लिए, आर्टिस्ट सजावटी कंक्रीट फ्लोर के लिए, और इंस्टामिक्स रेडी-टू-यूज बैगी कंक्रीट के लिए शामिल हैं।

## एनी बेसेंट इंटरनेशनल स्कूल, हुल्लुकपुर ने मनाया अपना 8 वां वार्षिकोत्सव



**पटना (उत्तरशक्ति)**। एनी बेसेंट इंटरनेशनल स्कूल, हुल्लुकपुर, पटना में 8वीं वार्षिकोत्सव का आयोजन धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव, निदेशक शैलेंद्र सिंह, अध्यक्ष दिलीप सिंह, प्रबंधक प्रमुख आदित्य प्रताप, गोल्ड मैन प्रेम सिंह और उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी मौजूद रहे। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें सभी अतिथियों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यालय की उपलब्धियों और छात्रों की उत्कृष्टताओं की सराहना की गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज की प्रगति की दिशा निर्धारित करती है। हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों को सक्षम और सशक्त बनाने के लिए इस क्षेत्र में अधिक निवेश करना चाहिए। अपने संबोधन में उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी ने कहा, महिलाओं की भूमिका शिक्षा के क्षेत्र में बेहद महत्वपूर्ण है। विद्यालय की सफलता और छात्रों की मेहनत को देखकर यह स्पष्ट है कि हम सही दिशा में बढ़ रहे हैं। वहीं निदेशक शैलेंद्र सिंह ने कहा, हमारा उद्देश्य न केवल छात्रों को शिक्षा देना है बल्कि उन्हें जीवन के हर पहलू में सक्षम बनाना है। विद्यालय की सफलता विद्यार्थियों के समग्र विकास में छिपी हुई है। जबकि अध्यक्ष दिलीप सिंह ने कहा कि हमारे विद्यालय का उद्देश्य छात्रों को सफलता के लिए प्रेरित करना है। हम हमेशा उनके समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। समारोह में छात्रों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिनमें नृत्य, संगीत और रामायण के अभिनय ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। छात्रों ने रामायण के अद्भुत अभिनय से राम, सीता, लक्ष्मण और रावण के किरदारों को जीवंत कर दिया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इसके अलावा, छात्रों ने रंगारंग नृत्य और संगीत प्रस्तुत किया, जिसने समारोह को और भी जीवंत बना दिया। यह वार्षिकोत्सव विद्यालय की उपलब्धियों और छात्रों की प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का शानदार अवसर था, जो शिक्षा के महत्व को और अधिक समझने का अवसर प्रदान करता है।

## 18 फरवरी से प्रारंभ होगा यूपी का बजट सत्र

**लखनऊ (उत्तरशक्ति)**। यूपी का बजट सत्र 18 फरवरी से प्रारंभ होगा। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रदेश का बजट 19 फरवरी को विधानसभा में पेश किया जाएगा। इस बार प्रदेश का बजट आठ लाख करोड़ का हो सकता है। जो कि अब तक का सबसे बड़ा बजट होगा। यह सत्र करीब एक सप्ताह चलेगा जिसमें सत्ता पक्ष जहां अपनी उपलब्धियों को सामने रखेगा, वहीं विपक्ष महाकुंभ हादसे के अलावा किसानों, महिलाओं और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिश करेगा।










